

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल




■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 185

ग्वालियर, बुधवार, 25 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


# भोपाल नगर निगम क्षेत्र से बाहर 25 कि.मी. तक चलेंगी नगरीय बसें : मुख्यमंत्री श्री चौहान

### अहमदपुर पंप गृह से 3 लाख लोगों को होगी पेयजल की आपूर्ति

### मुख्यमंत्री ने भोपालवासियों से की टीकाकरण महाअभियान-2 में भाग लेने की अपील

### 50 नवीन मिडी बसों और अहमदपुर जल पंप गृह का वर्चुअल लोकार्पण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भोपाल नगर निगम क्षेत्र से बाहर 25 किलोमीटर की परिधि तक के क्षेत्रों के रहवासियों, श्रमिकों, छात्र-छात्राओं के आवागमन के लिए बीसीएलएल बसों को नगरीय बस संचालन की श्रेणी में अधिसूचित किया जाएगा। इससे कान्हा सैया, हिनोतिया बंगरसिया, रातीबड़, बिलकिसगंज, बागरोदा, सूखी सेवनिया, फंदा और परवलिया जैसे बाहरी क्षेत्रों के रहवासी रियायती दरों पर नगरीय बस सेवा से लाभान्वित होंगे। छात्र-छात्राओं, मजदूरों और ग्रामीण भाई-बहनों को आने-जाने की किफायती और सुरक्षित सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में भी ऐसी ही व्यवस्था की जाएगी।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल के नगरीय मार्गों पर 50 नवीन मिडी बसों के संचालन का हरि झंडी दिखाकर वर्चअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने साढ़े 6 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित अहमदपुर शुद्ध जल पंप गृह का वर्चुअल लोकार्पण भी किया। निवास पर आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, प्रमुख सचिव नगरीय विकास मनीष सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**भोपाल के लिए नर्मदा जल की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भोपाल में हर बहन-भाई को शुद्ध पीने का पानी मिले, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज लोकार्पित अहमदपुर के लगभग 45 एमएलडी क्षमता के पंप गृह से 24 उच्च स्तरीय टंकियों, निजी कॉलोनियों की उच्च स्तरीय टंकियों और पंप वेलों को भरा जाएगा। पंप के कमांड क्षेत्र में लगभग 300 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई गई हैं। इससे 3 लाख की आबादी के पानी संकट को समाप्त किया जा सकेगा। भोपाल को नर्मदा, कोलार, बड़ा तालाब और केरवा से जल प्रदाय किया जाता है। हमारा मुख्य उद्देश्य नर्मदा जी के पानी को बेहतर ढंग से भोपाल में पहुँचाना है और इसके लिए आवश्यक व्यवस्था लगातार जारी है।

**बसों में बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन की व्यवस्था :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भोपाल में परिवहन सुविधाएँ देने के लिए बेहतर बसों की व्यवस्था की गई है। आम नागरिकों के लिए बसों का परिवहन बहुत आवश्यक है। सुरक्षित और आरामदायक सफर के लिए आज आरंभ हुई 50 बसों में कई तरह की व्यवस्था की गई हैं। जीपीएस सिस्टम, पैनिक बटन, सीसीटीवी कैमरा, ऑनलाइन मॉनीटिरिंग जैसी व्यवस्थाएँ हैं। इससे बहनों और बेटियों की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन की व्यवस्था विशेष है।

## सरदार सरोवर डैम से पानी का रिसाव, मप्र सहित 7 राज्यों के लिए बड़ी चुनौती



**भोपाल।** नर्मदा बचाओ आंदोलन का नेतृत्व करने वाली समाजसेविका मेधा पाटकर ने दावा किया है कि सरदार सरोवर डैम से पानी का रिसाव हो रहा है।मेधा ने यह जानकारी डैम सेफ्टी पैनल की रिपोर्ट के हवाले से दी है। उन्होंने कहा कि ये डैम की सुरक्षा के लिए खतरा है।साथ ही मध्यप्रदेश सहित 7 राज्यों के लिए बड़ी चुनौती है। यह निर्माण में भ्रष्टाचार को उजागर करता है। जहां नहर नहीं बनाई जानी थी, वहां गुजरात में बनाई गई। जिसका मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र ने विरोध किया था। नहर बनने से वहां ज्यादा पानी की बर्बादी हुई है। उन्होंने कहा कि आज माँ नर्मदा सूखी पड़ी है। बड़वानी और आसपास के गांवों के लोगों को पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।मेघा पाटकर ने कहा कि 24 अगस्त को नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण की बैठक होने वाली है। इसमें गुजरात ने प्रस्ताव रखा है कि सरदार सरोवर की दीवार से बड़े पैमाने पर पानी रिसने के कारण बांध का पानी कम किया जाए। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिली,तब गुजरात नहरों का संचालन शुरू कर देगा। इससे मध्यप्रदेश में नर्मदा के जलस्तर पर बुरा असर पड़ेगा। मेधा पाटकर ने कहा कि बांध बनाने का उद्देश्य अब तक पूरा नहीं हो सका। प्रदेश को पुनर्वास और बिजली उत्पादन का फायदा नहीं मिल रहा है।

## वन-टू-वन

### ऑनलाइन मंगाई डिजिटल वेट मशीन में विस्फोट, पिता-पुत्र घायल

**रांची (ए)।** लोहरदगा जिले के बगरू थाना क्षेत्र के चरहु गांव में ऑनलाइन मंगाई डिजिटल वजन (वेट) मशीन के फटने से पिता-पुत्र घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया है। चरहु निवासी आफताब खान उर्फ चांद खान एवं उसके पुत्र सोमवार को जब ऑनलाइन मंगाई गई वेट मशीन को चार्ज में लगा रहे थे, तभी बिजली में प्लग लगाते ही मशीन में विस्फोट होने से दोनों घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल लोहरदगा ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए उन लोगों को रिम्स रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि वेट मशीन ऑनलाइन फ्लिपकार्ट से मंगाई थी,इस चार्जिंग के लिए बिजली में जोड़ते ही उसमें विस्फोट हो गया एवं पिता-पुत्र को गंभीर चोटें आई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### अफगानियों को सुरक्षित लाने के भारत ने ऑपरेशन देवी शक्ति चलाया

**नई दिल्ली (ए)।** अफगानिस्तान पर तालिबान के काबिज होने के बाद काबुल के हालात बहुत चिंताजनक हैं। भारतीय नागरिकों और अफगान सहयोगियों को सुरक्षित लाने के भारत के जटिल मिशन का नाम 'ऑपरेशन देवी शक्ति' रखा गया है। इस अभियान के नाम के बारे में तब पता चला जब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 78 और लोगों को अफगानिस्तान से लाए जाने के संदर्भ में मंगलवार को अपने एक ट्वीट में इसका उल्लेख किया। उन्होंने लिखा, 'ऑपरेशन देवी शक्ति जारी है। काबुल से 78 लोगों को दुशांबे के रास्ते लाया गया। आईएएफ-एमसीसी, एअरइंडियन और टीम एमईए को उनके अथक प्रयासों के लिए नमन।' भारत ने 16अगस्त को काबुल से 40 भारतीयों को विमान से दिल्ली लाकर लोगों को सुरक्षित लाने के जटिल मिशन की शुरुआत की थी। इससे एक दिन पहले तालिबान ने अफगानिस्तान की राजधानी पर नियंत्रण कर लिया था।

### पाकिस्तान को अमेरिकी हथियार बेंच रहा तालिबान

**नई दिल्ली (ए)।** अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद तालिबान की एक और करतूत सामने आई है।तालिबान अरबों रुपये के अमेरिकी युद्धक साजो-सामान दूसरे देश को बेच रहा है।यह देश कोई और नहीं बल्कि पाकिस्तान है। रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान नेटवर्क द्वारा अफगानिस्तान से लाखों पाउंड मूल्य के चुराए गए अमेरिकी सैन्य हार्डवेयर का निर्यात किया जा रहा है।कहा जा रहा है कि पाकिस्तान की आईएसआई ने गुप्त रूप से अमेरिकी सैन्य वाहनों के खुले तौर पर आयात को हरी झंडी दे दी है। अमेरिकी सेना के हमीज और अन्य बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों को अफगानिस्तान से पाकिस्तान ले जाते हुए देखा गया। एक काफिले की तस्वीरों से पता चला कि सैन्य ट्रकों को पाकिस्तान में क्वेटा सिटी में शिफ्ट किया जा रहा था, जिसे लंबे समय से अफगान-तालिबान नेतृत्व का मुख्यालय माना जाता था। सूत्र ने कहा, ऐसा लगता है कि तालिबान के पास अफगान सेना के बहुत सारे युद्धक साजो-सामान हो गए हैं,इस अमेरिकियों ने दिया था। इन्हीं हथियारों को तालिबान निर्यात कर रहा है। पाकिस्तान में फंटियर सिटी क्वेटा, कंधार से तीन घंटे की दूरी पर है। ये आतंकवादी समूहों और नशीली दवाओं विशेष रूप से हेरोइन के व्यापार के लिए एक आश्रय स्थल है। पाकिस्तान के क्वेटा में तालिबानी पहले भी पनाह लेते रहे हैं।तालिबान को खाड़ी के दानदाताओं का अधिकांश पैसा क्वेटा के माध्यम से सप्लाई होता रहा है। घायल तालिबान लड़ाकों को इलाज के लिए यहीं लाया जाता रहा है।

### काबुल से हाईजैक हुआ विमान, ईरान ने कहा, कीव एयरपोर्ट पर लैंड कर गया

**नई दिल्ली (ए)।** अफगानिस्तान में लोगों को रेस्क्यू करने पहुंचे यूक्रेन के विमान को हाईजैक कर लिया गया है। यूक्रेन सरकार के मंत्री ने दावा किया है।विमान को ईरान ले जाया गया है।मंत्री के मुताबिक, रविवार को ये विमान हाईजैक किया गया था, जिसे कुछ अज्ञात लोगों ने अपने कब्जे में ले लिया। यूक्रेन सरकार में डिप्टी विदेश मंत्री ने बताया कि रविवार को हमारे प्लेन को अज्ञात लोगों द्वारा हाईजैक कर लिया गया है। मंगलवार को विमान को ईरान ले जाया गया है, जिसमें अज्ञात लोग हैं।इतना ही नहीं हमारे तीन दूसरे निकासी प्लान भी सफल नहीं हो पाए क्योंकि हमारे लोग एयरपोर्ट तक नहीं पहुंच पाए थे। यूक्रेन के दावे से इतर ईरानी मंत्री अब्बास असलानी का दावा है, कि ये विमान नॉर्थ ईस्ट ईरान के मशहाद एयरपोर्ट पर आया था, लेकिन ये रिफ्यूलिंग के बाद यूक्रेन के लिए रवाना हुआ, कीव एयरपोर्ट पर लैंड भी कर गया था। जिन लोगों ने प्लेन को हाईजैक किया वहां सभी हथियारों से लैस थे।

## इंदौर में चूड़ी बेचने वाले की मॉब लिंचिंग मामले में ओवैसी ने पीएम मोदी पर बोला हमला

### एमपी के गृहमंत्री मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने दी हस्तक्षेप न करने की दी समझाइश



**हैदराबाद (ए)।** मध्य प्रदेश के व्यवसायिक शहर इंदौर में हुई एक चूड़ीवाले के साथ मॉब लिंचिंग की घटना को लेकर अब देश में सियासत गर्मा गई है। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने एआईएमआईएम के अध्यक्ष असुदुद्दीन ओवैसी को मामले में हस्तक्षेप न करने की समझाइश दी है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने भी ओवैसी पर तीखा हमला बोला है। दरअसल ओवैसी ने ट्वीट कर इस मामले में अपनी टिप्पणी दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, विराट हिंदुत्ववादी खुद को विराट महसूस करवाने के लिए कभी किसी मुसलमान फ़क़ीर को मारता है, तो कभी भीड़ इकट्ठा करके चूड़ी बेचने वाले को पीट देता है। ये कम-ज़र्फ़ी और कमतरी गोडसे की हिंदुत्ववादी सोच का नतीजा है। अगर समाज ये सोच का मुकाबला नहीं करेगा तो ये कैंसर की तरह फैलती रहेगी।

इस पर पलटवार करते हुए गृह मंत्री नरोत्तम ने कहा है कि ओवैसी को बता दूं कि ऐसे लोग जो 2-2 पहचान पत्र रखते हैं वो अपराधी हैं। उन्होंने बताया कि मारपीट करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि ओवैसी इस मामले में हस्तक्षेप न करें। वहीं पीएफआई को बैन करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। वहीं इंदौर घटना पर ओवैसी के ट्वीट पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ओवैसी विघटन की राजनीति करने वाले देशद्रोही हैं। उनकी हैसियत और औकात नहीं है कि वे मध्यप्रदेश की जनता का मखौल उड़ाए। उन्होंने आगे कहा कि ओवैसी छोटे और तुच्छ नेता हैं। वे सिर्फ एक वर्ग को खुश करने का काम करते हैं। विश्वास सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश शांति का टापू है तुष्टिकरण करने वाले लोग यहां बवाल खड़ा करते हैं। दरअसल ओवैसी ने इंदौर में एक चूड़ी बेचने वाले के साथ हुई मॉब लिंचिंग मामले में ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा था।

## महाकाल मंदिर में खत्म होगा वीआईपी कल्चर


### भगवान के दरबार में सब एक समान




**भोपाल।** उज्जैन के महाकाल के दरबार में सब बराबर हैं। न कोई छोटा न कोई बड़ा। न कोई आम न कोई खास। इसलिए यहां दर्शन का वीआईपी कल्चर खत्म किया जाएगा। इस बारे में प्रदेश की संस्कृति और आध्यात्म मंत्री उषा ठाकुर ने इसकी सिफारिश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से की है। सीएम ने इस पर सहमति दे दी है। महाकाल मंदिर में दर्शन करने पहुंची प्रदेश की संस्कृति, पर्यटन धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर ने वीआईपी कल्चर से हटकर आम श्रद्धालु की तरह दर्शन किये। वो प्रोटोकॉल के तहत पहली बेरिकेडिंग के पीछे खड़ी हुई और वहीं से दर्शन कर संदेश दिया की मंदिर में कोई भी वीआईपी नहीं है। महाकाल मंदिर बीते कुछ दिनों से वीआईपी कल्चर के कारण सुर्खियों में रहा। बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय का मामला सुर्खिया बन गया था।

**मुख्यमंत्री से सिफारिश:** अब उषा ठाकुर ने कहा महाकाल मंदिर में वीआईपी कल्चर जल्द ही खत्म कर दिया जाएगा। दर्शन की सभी के लिए एक सी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा मैंने इस संबंध में सीएम शिवराज सिंह चौहान से सिफारिश की है और उन्होंने भी इस पर सहमति दे दी है। जल्द ही मंदिर से वीआईपी कल्चर खत्म होना चाहिए।

**सबके लिए समान व्यवस्था:** मीडिया से बात करते हुए उषा ठाकुर ने कहा-महाकाल मंदिर में सब भक्त हैं। कोई वीआईपी और कोई साधारण नहीं जो भी व्यवस्था होगी सबके लिए एक जैसी होगी। डेढ़ वर्ष से गर्भ गृह में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर लगी रोक पर कहा कि अगर वहां प्रवेश खोलेंगे तो सबके लिए खोलेंगे। ठाकुर ने उज्जैन में देश विरोधी नारे पर कहा इस देश का संविधान अपने आप में मजबूत है। देश और प्रदेश की जनता विवेकशील है। सब देख रही है। वो जानती है कि राष्ट्र किसके हाथ में सुरक्षित है। देश विरोधी बख्शे नहीं जाएंगे। उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया आज शिवपुरी में

शिवपुरी। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग एवं प्रभारी मंत्री डॉ.महेन्द्र सिंह सिसौदिया एक दिवसी प्रवास के दौरान 25 अगस्त को शिवपुरी में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ.सिसौदिया 25 अगस्त को दोपहर 01:30 बजे शिवपुरी आएगें। दोपहर 02:30 बजे टीकाकरण केन्द्रों का भ्रमण करेंगे। दोपहर 03:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लेंगे। अपराह्न 5 बजे गुना के लिए प्रस्थान करेंगे।

### किटनाशक दवा का छिडकाव कर रहा किसान हुआ बेहोश रास्ते में मौत

शिवपुरी। मायापुर थाना क्षेत्र के पहाड़ाकलां गांव में सोयाबीन की फसल में कीटनाशक छिड़कते वक्त किसान की हालत बिगड़ गई। बेहोश होने पर परिजन इलाज कराने के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवी सिंह उम्र 45 वर्ष पुत्र शिवचरण जाटव निवासी पहा?ाकलां सोमवार की दोपहर 12ः00 बजे अपने खेत मे लगी सोयाबीन की फसल में इल्ली मारने वाली कीटनाशक दवा का छि?काव कर रहा था। कीटनाशक की वजह से देवीसिंह की अचानक हालत बिगड़ने लगी और बेहोश हो गया। जहाँ परिजन उसका इलाज कराने रन्नौद अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में ही देवीसिंह ने दम तो? दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला को विवेचना में ले लिया है।

### ठेकेदार के साथ गए आशाराम की लाश कार्टून में पैक होकर लोंडिग में लोड होकर आई परिजनों ने किया थाने का घेराव

शिवपुरी। जिले के पोहरी के ग्राम नानोरा में रहने वाले युवक की मौत के मामले में परिजनो ने पोहरी थाने का घेराव कर दिया। परिजनो का आरोप है उसकी हत्या ठेकेदार ने की हैं वह घर वापस आ रहा था और ठेकेदार से पैसो की मांग कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोहरी अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले गांव नानौरा के निवास रकने वाले आशाराम पुत्र हरज्ञान धाकड उम्र 30 साल सोलर सिस्टम की लाईट लगाने वाले ठेकेदार के साथ पिछले दिनो से कार्य कर रहा था। बताया जा रहा है कि पोहरी क्षेत्र में जो सोलर सिस्टम की लाईटे लगी है। यह इसी ठेकेदार ने लगाई थी। पोहरी के काम हो जाने के बाद आशाराम टैम्पू पर लोडिंग कार्य करने के लिए 15 अगस्त से अशोक नगर इसी ठेकेदार के साथ गया था।

# सामूहिक रैली के माध्यम से वैक्सीनेशन महाअभियान के प्रति नागरिकों को किया जागरूक





**शिवपुरी।**

कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान जनजागरण हेतु सामूहिक रैली मंगलवार को जिला चिकित्सालय शिवपुरी परिसर से निकाली गई। रैली जिला चिकित्सालय शिवपुरी परिसर से प्रारम्भ होकर कोर्ट रोड, माधव चौक,गुरुद्वारा चौक से होते हुए राजेश्वरी रोड से जिला चिकित्सालय शिवपुरी परिसर पहुची। उक्त रैली में शहरवासियों को टीका लगवाने हेतु जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा अपील की गई। उक्त रैली जिला मे जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर, सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार ऋषीश्वर, बीआरसी अंगद सिंह, महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती नीलम पटेरिया एवं जिला चिकित्सालय शिवपुरी के डॉ.पी.के.खरे, सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ.एम.एल. अग्रवाल, रेडियोलॉजिस्ट, डॉ.सुनील कुमार, आरएमओ, डॉ.साकेत सक्सैना, उप प्रबंधक, डॉ. सुनील गौतम, डॉ. बृजेश मंगल, डॉ.पंकज गुप्ता, डॉ.अर्पित बंसल, डॉ.राघवेन्द्र रावत डॉ.पवन राठौर, डॉ.नवल अग्रवाल, डॉ.संजय राठौर आदि चिकित्सा अधिकारी के साथ-साथ, मैट्रन श्रीमती टीसा ओमेन, नर्सिंग स्टाफ, आंगनवाडी कार्यकर्ता, पैरामेडिकल तृतीय श्रेणी, चतुर्थ श्रेणी स्टाफ सम्मिलित थे।उक्त रैली के माध्यम से 25 एवं 26 अगस्त 2021 को कोविड-19 वैक्सीनेशन (टीकाकरण) महाअभियान को सफल बनाने हेतु प्रसार-प्रचार किया गया, जिसमें सभी शहरवासियों से अपील की गई है कि आपके परिवार में 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को आवश्यक रूप से कोविड 19 का प्रथम डोज एवं द्वितीय डोज निर्धारित समयावधि में आवश्यक रूप से लगवायें ताकि कोरोना के संक्रमण को रोका जा सकें। उक्त रैली में विशेष रूप से आमंत्रित भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष विपुल जैमिनी,कौशल गौतम एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल थे।

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक पहुंचे बदरवास भ्रमण पर, फसल सर्वे का लिया जायजा





शिवपुरी। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह मंगलवार को बदरवास भ्रमण पर निकले। जहाँ उन्होंने बदरवास के ग्राम पंचायत तिलातीली में फसल सर्वे का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, एसडीएम कोलारस गणेश जायसवाल, तहसीलदार जनपद सीईओ सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने गांव में पहुंचकर खेतों का जायजा लिया और उन्होंने किसानों से और गांव के सरपंच से भी चर्चा की। साथ ही मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि सर्वे कार्य सही ढंग से होना चाहिए। किसान परेशान ना हो, अभी सर्वे किया जा रहा है। किसानों को बाढ़ आपदा के कारण हुई क्षति का मुआवजा दिया जाएगा। शासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मदद उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासन की टीम लगातार काम कर रही है। अभी सर्वे में सभी प्रभावित लोगों की जानकारी ली जाएगी और किसानों को राहत दी जाएगी।

## लोगों से सम्पर्क करके दें जानकारीः कलेक्टर

### भ्रमण के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश








शिवपुरी। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने मंगलवार को बदरवास का भ्रमण किया। उन्होंने लुकवासा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने दो दिवसीय कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों से तैयारियों के संबंध में जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिये। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बीएमओ, सीडीपीओ और जनपद सीईओ को निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ के माध्यम से लिस्ट दी गयी है। आंगनवा?ी कार्यकर्ता, एएनएम के माध्यम से जानकारी ली गयी है। जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है उन सभी को वैक्सीन लगवायें। कंट्रोल रूम के माध्यम से कॉल करके जानकारी दें।

## 10 साल की बच्ची से मुंहबोले मामा ने दूध लेने के बहाने बुलाकर किया रेप



शिवपुरी। शिवपुरी में मंगलवार को 10 साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। जहाँ आरोपी पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष समीर पासा का भाई आमिर है। आरोप है कि 18 अगस्त को आमिर ने बच्ची को दूध लेने के बहाने घर से बुलाया और कमरे में बंद कर दुष्कर्म किया। घटना का पता चलने पर 6 दिन बाद सोमवार को परिजनों ने एफआईआर दर्ज करवाई तो आमिर ने केस वापस लेने का दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी दी। मंगलवार को पीड़ित परिवार ने एएसपी से मिलकर इसकी शिकायत की। इस पर पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेज दिया है।




### काम पर गई थी पीड़ित बच्ची की मां

बच्ची की मां काम पर गई थी। इसी दौरान मौका पाकर पड़ोस में रहने वाला आमिर घर पर आया और बच्ची को दूध खरीदने के बहाने अपने घर पर बुला लिया। आरोपी बच्ची का मुंहबोला मामा भी लगता है। इसलिए किसी ने शक भी नहीं किया। इसके बाद बच्ची को अपने घर में बंद कर लिया। बहुत देर तक बच्ची घर नहीं लौटी तो उसकी बड़ी बहन उसे तलाशते हुए आमिर के घर पहुंची। आमिर ने उसे दूसरे कमरे में बंद कर दिया और बहन से इनकार कर दिया कि वो यहां नहीं है।

### परिवार ने मामले को दबाने की कोशिश

वारदात के बाद घर लौटी बच्ची चुपचाप आकर सो गई। अगले दिन दर्द से परेशान लड़की ने अपनी मां को बताया। रिश्तेदारों होने के दबाव के कारण करीब 6 दिन मामला दबाने की कोशिश चलती रही। मां के नहीं मानने पर मामला थाने पहुंचा। बच्ची का पिता दिहाड़ी मजदूर है। आरोपी की उम्र 31 साल है। आरोपी की खुद की 9 और 10 साल की दो बेटियां हैं।

### हम अपने बच्चे को तो छुड़ा लेंगे, तुझे नहीं बचने देंगे

बच्ची की मां मंगलवार को एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया के पास पहुंची।जहाँ बताया कि आरोपी के रिश्तेदार समीर पासा, सिद्दिक खान और टिंगू खान उसके घर आकर केस वापस लेने की धमकी दे रहे हैं। वह कहते हैं कि वह अपने बच्चे को तो बचा लेंगे, लेकिन उन्हें जिंदा नहीं छोड़ेंगे।

### जान से मारने की शिकायत लेकर आए थे

एएसपी प्रवीण भूरिया ने बताया मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित का आरोप है कि उसे कुछ लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है, जिस पर थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि इस प्रकरण को दिखवाए और उचित कार्रवाई करें।

फोटोॅ0092/ॅ0093

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक पहुंचे बदरवास भ्रमण पर, फसल सर्वे का लिया जायजा







शिवपुरी। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह मंगलवार को बदरवास भ्रमण पर निकले। जहाँ उन्होंने बदरवास के ग्राम पंचायत तिलातीली में फसल सर्वे का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, एसडीएम कोलारस गणेश जायसवाल, तहसीलदार जनपद सीईओ सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने गांव में पहुंचकर खेतों का जायजा लिया और उन्होंने किसानों से और गांव के सरपंच से भी चर्चा की। साथ ही मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि सर्वे कार्य सही ढंग से होना चाहिए। किसान परेशान ना हो, अभी सर्वे किया जा रहा है। किसानों को बाढ़ आपदा के कारण हुई क्षति का मुआवजा दिया जाएगा। शासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मदद उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासन की टीम लगातार काम कर रही है। अभी सर्वे में सभी प्रभावित लोगों की जानकारी ली जाएगी और किसानों को राहत दी जाएगी।

## 25 एवं 26 अगस्त को वैक्सीनेशन महाअभियान में जिले के भाजपा कार्यकर्ता शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए करेंगे सेवा कार्य : राजू बाथम

### वैक्सीनेशन महा अभियान में केंद्रों पर दो दो कार्यकर्ता हितग्राहियों को लगवाएंगे कोरोना का टीका



**शिवपुरी।**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार प्रदेश में दो दिवसीय कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान का द्वितीय चरण दिनाँक 25 एवं 26 अगस्त को चलाया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम ने बताया कि महाअभियान प्रदेश के समस्त जिलों में संचालित होगा। इस हेतु अभियान की वृहद जनजागृति हेतु विभिन्न मीडिया के माध्यम से टीकों के लाभ एवं द्वितीय डो? की अनिवार्यता एवं उपयोगिता का प्रचार-प्रसार विषय-विशेषज्ञों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।जिसमें जिले के समस्त धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, शासकीय, अशासकीय, स्वयंसेवी संगठनों आदि संगठनों का सहयोग प्राप्त कर वातावरण निर्माण किया जा रहा है।श्री बाथम ने कहा? कि भाजपा सदस्यों के सक्रिय सहयोग से शिवपुरी जिले के प्रत्येक गाँव एवं वार्ड में महाअभियान की सफलता हेतु जोरदार प्रयास किए जाएंगे। जिसके लिए आज जिले में होने जा रहे 201 केंद्रों पर प्रत्येक केंद्र पर दो दो भाजपा कार्यकर्ता तैनात रहकर वैक्सीनेशन में आए हितग्राहियों की मदद करेंगे एवं अन्य कार्यकर्ता वार्डों में घर-घर पहुंचकर पीले चावल देकर उन्हें वैक्सीनेशन के लिए आमंत्रित करने एवं लेने जाएंगे भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम ने सभी पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष प्रकोष्ठ प्रकल्प के संयोजकों से आह्वान किया है कि सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता वैक्सीनेशन महा अभियान के द्वितीय चरण में बनाए जा रहे टीकाकरण केंद्रों पर अधिक से अधिक संख्या में हितग्राहियों को कोरोना से बचाव का एकमात्र साधन वैक्सीन लगवाने के लिए ले जाएं और इस अभियान को सफल बना कर इस महामारी से बचाव में अपना अमूल्य योगदान प्रदान करें।

## शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने नागरिकों से टीकाकरण लिए किया आग्रह



शिवपुरी। शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि 25 एवं 26 अगस्त को वैक्सीनेशन का महाअभियान को सफल बनाने के लिए अब तक छूटे सभी पात्र नागरिक ज्यादा से ज्यादा संख्या में टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंचकर अपना टीकाकरण अवश्य करवाएं।कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा है कि जिन लोगों को प्रथम डोज लग चुके है और 84 दिन से ऊपर हो चुके है वे अनिवार्य रूप से अपना दूसरा डोज जरूर लगवायें तभी उनका सुरक्षा चक्र पूरा होता है अन्यथा अधूरा चक्र आने वाले समय में उनके परेशानी का सबब बन सकता है। साथ ही ऐसे लोग जिनको प्रथम डोज भी नहीं लगा है वो भी आगे आयें और आवश्यक रूप से अपना प्रथम डोज लगाये और स्वयं को सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि तीसरी लहर आयेगी या नहीं इसके बारे में चिंता करने से बेहतर है कि हम अपने आपको वैक्सीनेट करायें और निश्चिंता के साथ अपना जीवन व्यतीत करें। साथ ही उन्होंने कहा कि अभियान के प्रथम दिन 25 अगस्त को पहला और दूसरा डोज दोनों लगाए जाएगें तथा 26 अगस्त को दूसरा डोज लगाया जाएगा। जिले में लगभग 200 से अधिक टीकाकरण केन्द्र बनाए गए है। उन्होंने एनजीओ, स्वसहायता समूह, समाजसेवी, धर्मगुरु एवं राजनीतिक दलों के सदस्य, मीडिया सभी से इस महाअभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग देने की अपील की है।

# आज और कल होगा वैक्सीनेशन का महाअभियान



भिण्ड। जिले के सभी विकास खण्डों में दो दिवसीय वैक्सीनेशन महाअभियान में 25 तथा 26 अगस्त 2021 को कोरोना वैक्सीन का पहला एवं ड्यू नागरिकों को दूसरा डोज निर्धारित केन्द्रों पर लगाया जाएगा। जिसके तहत भिण्ड अर्बन अन्तर्गत आई वार्ड जिला अस्पताल, विक्रमपुरा यूपीएचसी सिविल डिस्पेंसरी, भवानीपुरा यूपीएचसी,17 वीं बटालियन स्कूल, बुनियादी स्कूल, डांग बंगला, आरटीओ ऑफिस, व्यापार मण्डल धर्मशाला पर बनाए गए केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी। गोहद क्षेत्रान्तर्गत शा.सर्वोदय स्कूल गोहद, अर्बन पीएचसी गोहद, मालनपुर पीएचसी, शा.कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल मौ, एण्डोरी, ऐनो, बाराहेड, बिरखडी, गिरगांव, गुहींसर, झांकरी, खनेता, रसनोल, रतवा, शेरपुर, चंदोखर बनाए गए केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी। फूप अन्तर्गत पीएचसी फूप, भदाकुर, सफेदपुरा, गोहरा, चांसड, दीनपुरा, सपाड, बरही, कनावर, सिहुंडा, एसएचसी अकोड़ा, सिकाहटा, परसोना, ककहारा, टेहनगुर, सरसई, पुरा डूमना, गुसींग, ढ़ोचरा, पांडरी, पुलावली, लहरोली, बिलाव, पीएचसी ऊमरी, नुन्हाटा, जामना, दबोहा, कुम्हरौआ, बाराकला, बबेडी, मनकाबाग, बिरधनपुरा, झखमोली, पेवली, द्वार बनाए गए केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी। अटेर अन्तर्गत अटेर स्कूल, कनेरा, प्रतापपुरा, सुरपुरा स्कूल, सकराया, रमा, गजना, परा, पिथनपुरा, मसूरी, ऐतहार, लावन, बरोही, पुर, उदोतपुरा, जवासा, खड़ीत, अहरोलीघाट, खरिका, क्यारीपुरा बनाए गए केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी। लहार क्षेत्रान्तर्गत शा.कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लहार, रहावली उवारी, सुन्दरपुरा, भीकमपुरा, काथा, ररी, बरहा, असवार, बिजोरा, शा.हाईस्कूल दबोह, ज्ञानपुरा, जाखोली, मुरावली, शा.कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल आलमपुर, गांगेपुरा, गेथरी, रूरई, ररूआ नं.2 बनाए गए केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी। मेहगांव क्षेत्रान्तर्गत कतरोल, बिरगवां, सड़ा, असोखर, नुन्हाड़, आरोली, सुकाण्ड, जेतपुरा, सायना, अड़ोखर, अजनोधा, अमायन, बरहद, कन्या विद्यालय मेहगांव, गोरमी, शा.अस्पताल मेहगांव, हरीक्षा, कचनावकला, कनाथर, कृपेकापुरा, कुटरोली, मानहड़, परोसा, सिकरोदा, सोनी, सुनारपुरा, भारोली बनाए गए केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी। रौन क्षेत्रान्तर्गत सीएचसी रौन, बिश्वारी, मेहदा, थानूपुरा, गोरई, पचोखरा, मानगढ़, पीएचसी मछण्ड़, बिरखड़ी, बहादुरपुरा, ररूआ नं.1, पीएचसी मिहोना, अचलपुरा, चांदोख एवं जेतपुरा गुढ़ा केन्द्रों पर

## सीएम राइस विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहार में हुआ वृक्षारोपण



भिण्ड। मध्यप्रदेश शासन द्वारा सौगात के रूप में ब्लॉक लहार का एक मात्र सी.एम.राइस विद्यालय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहार में वृक्षारोपण का कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य करन सिंह कुशवाह के द्वारा आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उदयप्रताप सिंह सेंगर (राजाबाबू) पूर्व जिला अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक भिंड और अमित प्रताप सिंह डायरेक्टर इफको (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) की उपस्थिति में संपन्न हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के द्वारा नीम, बरगद ,आंवला आदि के पौधे लगाए गए वृक्षारोपण के अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक एवं प्रभारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी लहार शैलेंद्र सिंह कुशवाह, प्रशांत त्रिपाठी प्रधानाध्यापक शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2, जानकी नंदन समाधिया जनपद शिक्षा केंद्र लहार एवं विद्यालयीन स्टाफ में नरेश शर्मा,अतुल सिंह, अजय झा, अजय कुश्तबार, कतरोलिया, सन्तोष गुर्जर, दीपेन्द्र सिंह, अमजद खान, रामेंद्र सिंह, ओमप्रकाश मिहोलिया और जनशिक्षक, संजय वर्मा एवं बृजेंद्र सबिता सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## कामता नाथ आईएसटीपी यूपी फॉर्म का हुआ शुभारंभ

### बीजेपी नेता रक्षपालसिंह कुशवाह ने दुकान का काटा फीता



भिण्ड। शहर के भारौली तिराहा पेट्रोल पंप के पास कामता नाथ आईएसटीपी यूपी फॉर्म का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटना मुख्यअतिथि के रूप में पधारे बीजेपी नेता रक्षपालसिंह कुशवाह ने अपने हाथों से किया। इस दौरान दुकान मालिक ध्यानू जादौन, दीपक भदौरिया ने लोगों का मुंह भी मीठा कराया। उन्होनें बताया हमारे यहां पर फास्ट्रेग रीचार्ज एवं सभी बैंकों के पैसे जमा व निकलाने आदि का कार्य कुशलता पूर्वक किया जायेगा। इस खुशी के मौके पर पर टंटी नेता, विनोद बनिया, बालटर, सोनू संजय आदि लोग मौजूद रहे।



## सांड़ ने ली महिला की जान, दो अन्य को किया घायल



भिण्ड। बरोही थाना अंतर्गत बंवा के पास नेशनल हाईवे एक बेकावू सांड़ ने महिला पर हमला कर दिया। महिला सांड़ को देख पाती उससे पहले सांड़ ने पीछे से सींगों पर उठाकर दो बार जमीन में पटका जिससे उसकी सड़क पर ही मौत हो गई। महिला को बचाने आए दो अन्य राहगीरों को भी सांड के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। क्षेत्रीय लोगों ने बेकाबू सांड़ को कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ लिया है। बरोही और देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस जाम खुलवा रही है। वहीं, घायल को उपचार के लिए रैफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक, नेशनल हाईवे पर शाहपुरा लावन नहर की पुलिया निवासी 55 साल की कैलाशी मंगलवार सुबह छह बजे वो घर के बाहर थी, तभी पीछे से आए एक बेकाबू सांड़ ने महिला पर हमला कर दिया। सांड़ ने महिला को दो बार सींगों पर उठाकर जमीन पर पटक दिया। राहगीरों ने वाहन रोककर सांड़ को रोकना चाहा तो वो सांड़ ने युवकों का पीछा करना शुरू कर दिया। इधर, सांड़ के हमले से घायल महिला ने सड़क पर ही दम तोड़ दिया। सांड़ के हमले में दो युवक भी घायल हो गए।

इसके बाद क्षेत्रीय लोगों ने बेकाबू सांड़ को रस्सी के सहारे पकड़ लिया। सांड़ को पकड़े जाने के बाद उसे बांध दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस पहले शव को लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंची, जहां मृतक महिला के परिजन ने शव का पोस्टमॉर्टम न करने की बात कही। इसके बाद प्रशासन से राहत राशि की मांग करते हुए शव को सड़क पर रख दिया और जाम लगा दिया।

### दो घंटे तक लगा रहा जाम

महिला की मौत के बाद महिलाएं सड़क पर ही बैठ गई और विलाप करती रही। उधर, सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश के बाद शव को सड़क से हटवाया और जाम खुलवाया। करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह से बंद रहा। दोनों ओर वाहन जाम में फंसे रहे।

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय हेतु बैठक सम्पन्न



भिण्ड । शासन द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 के अन्तर्गत निर्धन परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किये जाना है। इस हेतु कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने आज कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में जिले की गैस एजेंसियों के संचालको की बैठक ली। बैठक में जिले को दिए गए लक्ष्य अनुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क गैस कनेक्षन प्रदाय करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी रविशंकर गौर, सहायक आपूर्ति अधिकारी अवेधश पाण्डेय के अलावा जिले के गैस एजेसियों के संचालक उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत 50 हजार लक्ष्य के विरूद्व शत प्रतिशत गैस कनेक्षन प्रदाय करने के निर्देश गैस एजेंसी संचालको को दिए। उन्होंने कहा कि सभी एजेसी केवाईसी एकत्रित करें। जिनके खाते नहीं है उनके खाते खुलवाने एवं जिनके आधार कार्ड नहीं उनके आधार कार्ड बनवाने की कार्यवाही कर गैस कनेक्षन प्रदाय किये जाए। इस कार्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक आदि का सहयोग लिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिनके पास पात्रता कागजात नहीं है उनसे 14 बिन्दुओं का फार्म भरवाकर गैस कनेक्षन प्रदाय किया जा सकता है। गैस एजेंसी संचालक बचे हुए परिवारो को प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत गैस कनेक्षन उपलब्ध कराने में रूचि लें जिससे जिले को दिए गए लक्ष्य की पूर्ति के साथ-साथ जरूरतमंद परिवारो को गैस कनेक्षन उपलब्ध हो सकेंगे।

## अग्रवाल सभा का भुजरिया मिलन समारोह गंगा मंदिर में सम्पन्न

### दंदरौआ सरकार के महंत ने कार्यालय का किया उद्घाटन



भिण्ड। अग्रवाल सभा भिंड के द्वारा किला रोड स्थित मां गंगा मंदिर में भुजरिया मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही मंदिर में मीटिंग हॉल का विधिवत उद्घाटन जिले के प्रसिद्ध दंदरौआ मंदिर के महंत महामंडलेश्वर रामदास महाराज के कर कमलों से कराया गया। इसके बाद उनके द्वारा मंदिर में आए हुए भक्तों को आशीर्वाद दिया गया।

उल्लेखनीय है कि प्राचीन गंगा मंदिर का अग्रवाल समाज के द्वारा जीर्णोद्धार कराया गया है जिसके अन्तर्गत मंदिर में नवीन मीटिंग हॉल का निर्माण भी हुआ है। सोमवार के रोज भुजरिया मिलन समारोह के अवसर पर रामदास महाराज गंगा मंदिर में पधारे और मंदिर में विराजित प्रतिमाओं के दर्शन करने के उपरांत फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। महाराज जी ने कहा कि ऐसे मिलन समारोह होते रहने से समाज में परस्पर प्रेम और सौहार्द बना रहता है। इस अवसर पर महिलाओं के द्वारा भजन गायन किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल बाबूजी, शोभित अग्रवाल, गोपाल दास अग्रवाल, फूलचंद्र अग्रवाल, जेपी अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, गीतेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं सम्मिलित हुई।

## वसुंधरा श्रंगार युवा मंडल ने मनाया वृक्षाबंधन पर्व

### नक्षत्र के पौधे साक्षात भगवान के प्रतिरूप सोनपाल यादव

भिण्ड। वसुंधरा श्रृंगार युवा मंडल के सदस्यों ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर ग्राम भटमास पुरा में स्थित छठवीं नर्वदेश्वर नक्षत्र वाटिका में श्रमदान एवं पौधों का रोपण किया और पूर्व में लगाए गए नक्षत्र के पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर वृक्षाबंधन पर्व मनाया जिसमें ग्रामवासी एवं मंदिर के महंत रामबाबू महाराज उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी सोनपाल यादव ने बताया यह त्यौहार हमें समाज में रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं समाज में व्याप्त बुराई को हम सभी मिलकर समाप्त कर सकते हैं इसी के तहत भिंड जिले में वृक्षों की स्थिति दयनीय है इसलिए हम सभी को आगे आकर अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर उन्हें वृक्ष बनाने के लिए संकल्पित होना चाहिए नक्षत्र वाटिका में पिछले वर्ष लगाए हुए पौधे ग्रामीणों और पूरी टीम के सहयोग से पूर्ण रूप से स्वस्थ देखकर मंडल की दृढ़ इच्छाशक्ति को समझा जा सकता है नक्षत्र वाटिका में लगे सभी पौधे साक्षात भगवान के प्रतिरूप है इसलिए हम सभी इनके संरक्षण के लिए कटिबद्ध रहेंगे मंडल अध्यक्ष हरे कृष्ण शर्मा ने बताया पिछले वर्ष से नक्षत्र वाटिका में रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत की जिसके बड़े ही सकारात्मक परिणाम देखने को मिले इसीलिए इस वर्ष भी पिछले वर्ष स्थापित की गई छठवीं नक्षत्र वाटिका में वृक्षाबंधन का पर्व मनाया जिसमें सभी पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर वृक्ष बनाने का संकल्प दिलाया और बताया रक्षाबंधन संकल्प शक्ति का



प्रतीक है भविष्य पुराण मैं लिखे हुए एक सुक्ति के बारे में बताया कि इस पर्व पर धारण किया हुआ रक्षा सूत्र संपूर्ण रोगों तथा अशुभ कार्यो का विनाशक है इसे वर्ष में एक बार धारण करने से वर्षभर मनुष्य रक्षित हो जाता है इसी प्रकार हम भी संकल्प करें कि इन वृक्षों के रक्षा सूत्र बांधकर इनको हम रक्षा प्रदान करेंगे वही जिला नक्षत्र वाटिका प्रभारी धर्मवीर यादव ने बताया जब से मानव जाति ने आज से 12 हज़ार साल पहले खेती करना शुरू किया, तब से हम ने दुनिया के कुल क़रीब छह ख़रब पेड़ों में से आधे को काट डाला है। ये अनुमान विज्ञान पत्रिका नेचर ने 2015 में प्रकाशित रिसर्च में लगाया था सारे पेड़ ख़त्म हो जाएंगे तो धरती की जलवायु में भी बड़े पैमाने पर बदलाव देखने को मिलेगा। पेड़, जैविक पंप का काम करते हैं और हमारी पृथ्वी के जल चक्र को नियमंत्रित करते हैं. वो ज़मीन से पानी सोखते हैं और इसे भाप के तौर पर वायुमंडल में छोड़ते हैं।

ऐसा कर के जंगल बादल बनाने का काम करते हैं, जिससे बारिश होती है। इस के अलावा पेड़, भारी बारिश की सूरत में बाढ़ आने से भी रोकते हैं, क्योंकि ये पानी को अपने इर्द-गिर्द रोक देते हैं और वो पानी तेज़ी से अचानक नदियों या झीलों में नहीं जाता। इसलिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण करना चाहिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष बालकिशन बौहरे मंडल पदाधिकारी दीपक मिश्रा, उदयवीर यादव, संतोष शर्मा, सोनू बघेल, अमन तिवारी, सचिन यादव, आकाश, हरीश शर्मा, सतीश आदि का विशेष योगदान रहा।

## क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक एवं पत्रकार वार्ता सम्पन्न



भिण्ड । भिण्ड जिले के सभी विकास खण्डों में दो दिवसीय वेक्सीनेषन महाअभियान में 25 तथा 26 अगस्त 2021 कोकोरोना वैक्सीन का पहला एवं ड्यू नागरिकों को दूसरा डोज निर्धारित केन्द्रों पर लगाए जाने के संबंध में क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक एवं पत्रकार वार्ता कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में प्रदेश सरकार के राजस्व एवं परिवहन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया, भिण्ड-दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय वर्चुअल रूप से जुड़े। इसके साथ ही कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष से क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह, भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, एसपी मनोज कुमार सिंह, एडीएम प्रवीण फुलपगारे सहित अन्य अधिकारी, क्राइसेस मैनेजमेंट के सदस्य एवं प्रिन्ट एवं इलैक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## जातिगत जनगणना का जिक्र

बिहार की राजनीति में पिछले कुछ वर्षों में ऐसी तस्वीर देखने को नहीं मिली, जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव दोनों किसी एक मुद्दे पर एकमत हो। ये मुद्दा है जातिगत जनगणना का है। दोनों नेता आपसी मतभेद को भुलाकर केंद्र सरकार से जातिगत जनगणना कराने के लिए गुहार लगाते लगाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने तक पहुंच गए हैं। नीतीश के इस रुख से बिहार में एनडीए सरकार की प्रमुख सहयोगी भाजपा पसोपेश में है और वह पार्टी की रणनीति के तहत जनसंख्या नियंत्रण कानून की हिमायत कर रही है। दरअसल, सारा खेल अन्य पिछड़ी जातियों के वोट बैंक का है। इनकी आबादी 52 फीसद बताई जाती है। राजनीतिक दलों के बीच ओबीसी के सच्चे हितैषी का क्रेडिट लेने की होड़ लग गई है। भारत में आखिरी बार 1931 में जातिगत आधार पर जनगणना की गई थी। द्वितीय विश्वयुद्ध छिड़ जाने के कारण 1941 में आंकड़ों को संकलित नहीं किया जा सका था। आजादी के बाद 1951 में इस आशय का प्रस्ताव तत्कालीन केंद्र सरकार के पास आया था, लेकिन उस समय गृह मंत्री रहे सरदार वल्लभ भाई पटेल ने यह कहते हुए प्रस्ताव खारिज कर दिया था कि इससे समाज का ताना-बाना बिगड़ सकता है। 1951 के बाद से लेकर 2011 तक की जनगणना में केवल अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति से जुड़े आंकड़े प्रकाशित किए जाते रहे। 2011 में इसी आधार पर जनगणना हुई, किंतु अपरिहार्य कारणों का हवाला देकर इसकी रिपोर्ट जारी नहीं की गई। कहा जाता है कि करीब 34 करोड़ लोगों के बारे में जानकारी गलत थी। कमोबेश, हर जनगणना के पहले जातीय जनगणना की मांग की जाती रही है। किंतु, बिहार विधानसभा में पहली बार 18 फरवरी, 2019 में तथा फिर 27 फरवरी, 2020 में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर मांग की गई कि 2021 में होने वाली जनगणना जाति आधारित हो। एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर इस पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। दरअसल, ओबीसी की आबादी का सही आंकड़ा मिलने से क्षेत्रीय दलों को राजनीति का नया आधार मिल सकता है। क्षेत्रीय दल हमेशा से जातीय जनगणना की मांग करते रहे हैं। किंतु, इस मुद्दे पर केंद्र में रही कोई भी सरकार अपने हाथ नहीं जलाना चाहती है। इसलिए 2010 में जब केंद्र में मनमोहन सिंह की सरकार थी तब भी मांग उठी थी, मगर हुआ कुछ नहीं। सभी सरकारों को आशंका है कि जाति आधारित जनगणना के बाद तमाम ऐसे मुद्दे उठेंगे, जिससे देश में आपसी भाईचारा व सौहार्द बिगड़ेगा तथा शांति व्यवस्था भंग होगी। जिस जाति की संख्या कम होगी, वे अधिक से अधिक बच्चे की वकालत करेंगे। इससे समाज में विषम स्थिति पैदा होगी। दरअसल जाति आधारित जनगणना का समर्थन जेडीयू के साथ-साथ एनडीए के अन्य सहयोगी दल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी और महाराष्ट्र के नेता रामदास अठावले भी कर चुके हैं। हालांकि भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि जातिगत आधारित जनगणना से हिंदू समाज में मतभेद हो सकते हैं और सामाजिक सद्भाव बिगड़ सकता है इसलिए फिलहाल जाति आधारित जनगणना की कोई जरूरत नहीं है। दरअसल भाजपा का हिंदुत्व अब ओबीसी और अति पिछड़ी जातियों के सहारे चल रहा है। पहले दक्षिण भारत और बाद में उत्तर भारत के करीब हर राज्य में पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों के बहुत ताकतवर संगठन बन चुके हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रिमंडल विस्तार में इस तबके को सबसे ज्यादा महत्व दिया है, पर जातिगत जनगणना की मांग ओबीसी जातियों द्वारा होती रही है।

# ओबीसी के साथ एससी-एसटी आरक्षण में भी क्रीमी लेयर होना समय की मांग है !

**आजाद सिंह डबास**

1953 में गठित काका कालेलकर आयोग ने वर्ष 1955 में ओ.बी.सी की जातियों को आरक्षण देने की सिफारिश की थी लेकिन तत्कालीन कांग्रेसी सरकारों ने इसे लागू ही नही किया। कालेलकर आयोग की सिफारिशों को पुराना मानते हुए 1977 में केन्द्र की जनता पार्टी सरकार ने ओ.बी.सी को आरक्षण देने हेतु मण्डल आयोग के नाम से दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया जिसने अपनी रिपोर्ट 1980 में दी। विडम्बना यह रही कि तब तक जनता पार्टी की सरकार चली गई और उसके बाद की कांग्रेस सरकार ने इस रिपोर्ट को भी ठंड़े बस्ते में डाल दिया। वर्ष 1989 में जनता दल की सरकार बनने के बाद चौधरी देवीलाल के विद्रोह को दबाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह ने आनन-फानन में इस रिपोर्ट की मात्र एक सिफारिश यानि केन्द्रीय सेवाओं में 27 ~आरक्षण देने के प्रावधान को 7 अगस्त 1990 को लागू करने की घोषणा कर दी। इतिहास गवाह है कि मण्डल आयोग की सिफारिश लागू होने पर अनारक्षित वर्ग के लोगों द्वारा भारी विरोध किया गया। भाजपा नेताओं ने भी इसका विरोध किया। लालकृष्ण अड़वानी ने सोमनाथ से अयोध्या तक की यात्रा प्रारंभ कर दी जिसने पूरे देश का ध्यान मण्डल से हटाकर कमण्डल की तरफ कर दिया। लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय के पालन में वर्ष 1993 से केन्द्रीय सेवाओं में ओबीसी के लिए 27 ~ आरक्षण लागू हो सका।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने ओ.बी.सी को केन्द्रीय सेवाओं में आरक्षण देने के साथ ही इसमें क्रीमी लेयर का प्रावधान कर दिया जो ओबीसी नेताओं को पसंद नहीं आया। शुरुआत में क्रीमी लेयर की सीमा 1 लाख रखी गई। यह सीमा 2004 में 2.5लाख, 2008 में 4.50 लाख, 2013 में 6 लाख और 2017 में बढ़ाकर 8 लाख कर दी गई, जो मेरे मतानुसार जरुरत से ज्यादा है। मेरा ऐसा मानना है कि आज अगर किसी परिवार की 50 हजार रुपये मासिक आय है तो उसे क्रीमीलेयर में माना जाना चाहिए। इस हिसाब से क्रीमीलेयर 8 से घटाकर वापस 6 लाख कर देनी चाहिए ताकि ओ.बी.सी के जो वास्तव में गरीब और अति पिछड़ी जातियां हैं, उनका प्रतिनिधित्व बढ़ सके। यहीआरक्षण का असली मकसद भी है। त्रास्दी यह है किओ.बी.सी के ज्यादातर राजनेता और सामाजिक संगठन या तो क्रीमीलेयर को हटाने की मांग करते रहे हैं अथवा इसे 8 से बढ़ाकर 12 लाख करने की मांग कर रहे हैं ताकि उनके स्वार्थों की पूर्ति होती रहे। ओ.बी.सी के ये राजनेता और सामाजिक संगठन जो संपन्न जातियों से संबंध रखते हैं, वे दिखावा तो समस्त ओबीसी जातियों के कल्याण का करते हैं लेकिन वास्तव में ये अपनी-अपनी जातियों के वर्चस्व को ही बनाये रखना चाहते हैं ताकि ओ.बी.सी के आरक्षण का उन्हें ही फायदा मिलता रहे। क्रीमीलेयर को इमानदारी से लागू कर ओबीसी समाज को विभाजित होने से रोका जा सकता है।

मेरे मतानुसार ओ.बी.सी के साथ-साथ अनुसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति में भी क्रीमीलेयर लगाना समय की मांग है। अजीब विडम्बना है कि आज एससी/एसटी के अनेक परिवारों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी आरक्षण का लाभ ले रही है जबकि इनकी बहुसंख्यक आबादी पहली पीढ़ी के लिए ही आरक्षण का लाभ लेने हेतु जद्दोजहद कर रही है। एससी/एसटी के ज्यादातर बुद्धिजीवी और नेता अक्सर यह कह कर क्रीमी लेयर को असंगत बताते हैं कि अगर एससी/एसटी में क्रीमी लेयर लग गया तो आरक्षण की लड़ाई कौन लड़ेगा ?इनके अनुसार गरीब एससी/एसटी के लोग अपनी लड़ाई लड़ने में अक्षम हैं। इस तर्क से तो यही प्रतीत होता है कि एससी/एसटी का जो मलाईदार तबका विगत 75 वर्षों में तैयार हो गया है, वे ही आगे भी आरक्षण की मलाई खाना



चाहते हैं। एससी/एसटी का मलाईदार तबका यह भी तर्क देता है कि अगर एससी/एसटी में क्रीमी लेयर लग गया तो आरक्षित पद खाली रह जावेंगे। उनका यह तर्क भी खोखला है। आज गरीब एससी/एसटी के बच्चे भी इतनी मात्रा में शिक्षित हो गये हैं कि वे आरक्षित पदों को आराम से भर सकें। ज्यादातर दलित बुद्धिजीवी यह भी तर्क देते नहीं थकते हैं कि संविधान में आर्थिक आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है। मेरा मानना हैं कि संविधान निर्माताओं ने उस समय की परिस्थितियों के अनुसार सामाजिक एवं शैक्षिक आधार रखा था लेकिन आज हालात काफी बदल गये हैं। इन्हें भी बदले हुएं हालातों में गरीब एससी/एसटी के हित में सोचना चाहिए।गौरतलब है कि एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का सिद्धांत लागू करने हेतु सर्वोच्च न्यायालय में कई याचिकाएं वर्तमान में लम्बित हैं। राजनैतिक नुकसान को देखते हुए केन्द्र सरकार भी इसे जानबूझकर लम्बित रखे हुए है।एससी/एसटी में क्रीमी लेयर का ना लगना भले ही एससी/एसटी के मलाईदार तबके के हित में हो लकिन यह गरीब एससी/एसटी के हित में कतई नहीं है।केन्द्र सरकार को चाहिए कि गरीब एससी/एसटी के हित में सर्वोच्च न्यायालय में पैरवी कराकर क्रीमी लेयर को अविलंब लागू करे। साथ ही यह भी आवश्यक है कि क्रीमी लेयर के लिए आय निर्धारित करने हेतु जो मानदंड केन्द्र व्दारा बनाये गये हैं, उनमें भी पारदर्शिता लाई जावे। फिलहाल जो मानदंड बनाये गये हैं, उनमें ओबीसी व्यापारियों के लिए बनाये गये मानदंडों के दुरूपयोग की पूरी सम्भावना है। शासकीय सेवाओं के मामले में केवल वही क्रीमी लेयर में आयगा जिसके माता या पिता में से कोई एक सीधे क्लास-1 भर्ती हो, माता एवं पिता दोनों सीधे क्लास-2 भर्ती हों या पिता क्लास-2 भर्ती हो लेकिन 40 वर्ष की आयु से पूर्व क्लास-1 में पदोन्नत हुआ हो परन्तु यदि पिता क्लास-3 में भर्ती हुआ है और वह 40 वर्ष से पूर्व क्लास-1 बन गया हो तब भी क्रीमी लेयर में नहीं आयेगा। कृषि भूमि के मानदंडों में भी सुधार की जरुरत है। उदाहरणार्थ किसी कृषक के पास कितनी भी असिंचित भूमि हो, वह क्रीमी लेयर में नहीं आयेगा। सिंचित भूमि के प्रकण में सीलिंग लीमिट का 85 प्रतिशत से ज्यादा होने पर हीक्रीमी लेयर में आयेगा। मिश्रित भूमि के प्रकण में अगर सिंचित भूमि कुल भूमि में 40 प्रतिशत से कम है तो उसको भी असिंचित मान लिया जाता है। यदि 40 प्रतिशत से अधिक भूमि है तो इसको और असिंचित को बदल कर (दोनों को जोड़कर )आय की गणना की जाती है। कृषि आय क्षेत्रफल के आधार पर ही निर्धारित होती है। वार्षिक आय में वेतन और कृषि भूमि की आय को नहीं जोड़ा जाता है।

## सुख के स्वभाव में डूबो

लगता है, आदमी दुख का खोजी है। दुख को छोड़ता नहीं, दुख को पकड़ता है। दुख को बचाता है। दुख को संवारता है; तिजोरी में संभालकर रखता है। दुख का बीज हाथ पड़ जाए, हीरे की तरह संभालता है। लाख दुख पाए, पर फेंकने की तैयारी नहीं दिखाता। जो लोग कहते हैं आदमी आनंद का खोजी है, लगता है आदमी की तरफ देखते ही नहीं। आदमी दुखवादी है, अन्यथा संसार इतना दुख में क्यों हो! अगर सभी लोग आनंद खोज रहे हैं, तो संसार में आनंद की थोड़ी झलक होती। कुछ को तो मिलता! और कुछ को मिल जाता तो वे बांटते औरों को भी; तो कुछ झलक उनकी आंखों और उनके प्राणों में भी आती। अगर सभी आनंद की तलाश कर रहे हैं, तो लोग एक-दूसरे को इतना दुख क्यों दे रहे हैं। और ऐसा नहीं कि पराए ही दुख देते हों, अपने भी दुख देते हैं। अपने ही दुख देते हैं! शत्रु तो दुख देते ही है; हिसाब रखा है, मित्र कितना दुख देते हैं? जिन्हें तुमसे घृणा है, वे तो दुख देंगे, स्वाभाविक; लेकिन जो कहते हैं तुमसे प्रेम है, उन्होंने कितना दुख दिया, उसका हिसाब रखा है? और अगर हर आदमी दुख दे रहा है, तो एक ही बात का सबूत है कि हर आदमी दुख से भरा है। हम वही देते हैं, जिससे हम भरे हैं। वही तो हमसे बहता है जो हमारे भीतर लगा है। हमारे व्यवहार से दूसरों को दुख मिलता है, क्योंकि हमारे भीतर कड़वाहट है। हम लाख कहें हम प्रेम करते हैं, लेकिन प्रेम के नाम पर भी हम दूसरों के जीवन में नरक निर्मित करते हैं। पति-पत्नियों को देखो, मां-बाप को देखो; बेटे-बच्चों को देखो- सब एक-दूसरे की फांसी लगाए हुए है। ऐसा है। क्यों? और सभी कहते हैं कि हम सुख को खोजते हैं। मेरे पास रोज लोग आते हैं, जो कहते हैं- हम सुख चाहते हैं। अगर तुम सुख चाहते हो तो कोई भी बाधा नहीं है; सुख तो लुट रहा है। सुख तो चारों तरफ मौजूद है। ऐसे ही हो तुम, जैसे सामने गंगा बहती हो और किनारे पर खड़े तुम छाती पीटते हो, चिल्लाते हो- प्यासा हूं, मैं जल चाहता हूं!' झुको और पीओ! गंगा सामने बहती है। और गंगा के लिए तो चाहे दो कदम भी उठाना पड़े, सुख तो उससे भी करीब है। सुख तो तुम्हारा स्वभाव है। डूबो इस स्वभाव में। जिन्होंने भी कभी आनंद पाया है।

## कल्याण सिंह जिन्हें बगावत के बाद भी मिला सम्मान!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

लंबे समय तक जीवन मृत्यु के बीच संघर्ष करते हुए आखिरकार कल्याण सिंह मौत से मात खा गए।रक्षा बंधन से एक दिन पहले शाम के समय वे इस दुनिया से अलविदा हो गए।उनके निधन पर उत्तर प्रदेश ने तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया तो राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, नेताप्रतिपक्ष समेत कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन को अपूर्णनीय क्षति बताया।उनको भाजपा के वरिष्ठ नेता के रूप में सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।लेकिन उनका अपनी महत्त्वाकांक्षा और बगावत से भी गहरा नाता रहा है।अपनी हिंदूवादी छवि और बढ़ते वर्चस्व के बीच वे अटलबिहारी वाजपेयी जैसे बड़े नेता से भी स्वयं को बड़ा मानने लगे थे।जो उनके राजनीतिक हाशिये का कारण भी बनी। बात समय की है जब नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक हुआ करते थे।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने उन्हें कल्याण सिंह से मिलने और कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बातचीत करने के लिए भेजा।मिलने के लिए समय मांगने पर कई दिनों बाद कल्याण सिंह ने उन्हें मिलने का समय दिया, वह भी अकेले में नही बल्कि उन्ही के साथ कुछ अन्य लोगों को भी वही समय दिया गया। नरेंद्र मोदी ने अकेले में बात करने को कहा तो उन्होंने मना कर दिया था। नरेंद्र मोदी ने कुसुम राय का मामला उठाया, तो उन्होंने उसे बेहद अनमने ढंग से लिया और उनके सामने ही अटल बिहारी वाजपेयी के लिए अच्छी भाषा का प्रयोग नही किया।÷हालांकि सन 2004 में कल्याण सिंह की जब बीजेपी में वापसी हुई तो उसका श्रेय भी अटल बिहारी वाजपेयी को ही जाता है।भाजपा के तत्कालीन वरिष्ठ नेता प्रमोद महाजन ने उनको भाजपा में पुनः शामिल कराने के लिए कोशिश की थी, जिसपर कल्याण सिंह भाजपा में दोबारा शामिल हो पाए। भाजपा ने सन 2007 का विधानसभा चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा लेकिन कोई ख़ास सफलता नहीं मिल पाई।भाजपा छोड़ने के बाद कल्याण सिंह खुद भी लगभग अवसाद की हालत में आ गए थे।



भाजपा के बहुत ही कम लोगों ने उनके साथ पार्टी छोड़ी थी और बाद में उनमे से भी कुछ किनारा कर गए थे।जिसकारण उनके साथ बहुत कम लोग रह गये। सन 2009 में कल्याण सिंह एक बार फिर भाजपा से नाराज़ होकर पार्टी से बाहर चले गए थे।उन्होंने समाजवादी पार्टी से भी अपनी नज़दीकियाँ बढ़ाई और उन्होंने समाज वादी पार्टी की मदद से एटा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव भी जीत लिया था, लेकिन कल्याण सिंह के इस साथ ने समाजवादी पार्टी को काफ़ी नुक़सान पहुँचाया ,जिस कारण समाजवादी पार्टी ने उनसे दूरी बना ली थी।सन 2010 में पाँच जनवरी को कल्याण सिंह ने जन क्रांति पार्टी नाम से एक नई पार्टी बनाई और अपने बेटे राजबीर सिंह को पार्टी का अध्यक्ष बना कर एक नई शुरूआत करने की कौशिश की।सन 2012 में उनकी पार्टी ने विधानसभा चुनाव भी लड़ा लेकिन सफलता नहीं मिल पाई।जिसपर सन 2013 में कल्याण सिंह एक बार फिर भाजपा में शामिल हो गए और सन 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रचार किया। जिसका इनाम सन2014 में ही राजस्थान का राज्यपाल बनाकर दिया गया। राज्यपाल का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्होंने एक बार फिर भाजपा की सदस्यता ली, लेकिन उसके बाद भाजपा ने उन्हें कोई ज़िम्मेदारी नहीं दी।हालांकि उनके बेटे राजवीर सिंह इस समय सांसद हैं, तो पोते संदीप सिंह उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के मंत्री हैं।छह दिसंबर सन 1992 को बाबरी मस्जिद विध्वंस होने के बाद कल्याण सिंह सरकार बर्खास्त हो गई थी। जिसके बाद उत्तर प्रदेश में उस समय कमण्डल की राजनीति भारी पड़ी और भाजपा को सत्ता में वापस आने के लिए पाँच साल तक संघर्ष करना पड़ा। सन 1997 में कल्याण सिंह उत्तर प्रदेश के दोबारा मुख्यमंत्री बन गए थे लेकिन इस बार वे पहले जैसी छाप नहीं छोड़ पाए।इस बार वे मात्र दो साल ही मुख्यमंत्री रह पाये और उनकी पार्टी भाजपा ने ही उन्हें हटाकर दूसरा मुख्यमंत्री बना दिया था।भाजपा नेतृत्व से उनके मतभेद इतने अधिक बढ़ गये थे कि कल्याण सिंह ने भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफ़ा दे दिया था।

# नर्मदा बचाओं आन्दोलन ने, सरकारों की पोल खोली तथा न्यायालय को भी असहाय होते देखा।

### सूडोकु नवताल- 5812

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5811 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

**एड. आराधना भार्गव**

15 अगस्त को देश ने 75 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया, 75 वर्ष में हमारी विधायिका जो काम नही कर सकी वह काम नर्मदा बचाओं आन्दोलन ने कर दिखाया। लोकसभा और विधान सभा में जनता के हित में कानून बनते नही दिखाई दे रहे हैं। अंग्रेजों के पद् चिन्हों पर चलती हुई सरकार भला भारत की जनता के पक्ष में कानून कैसे बनाएगी ? देश से अंग्रेज तो जरूर चले गये पर देश चलाने की प्रक्रिया विरासत में छोड़ गए और इसका ही परिणाम है कि कोई भी कानून देश की जनता से विचार विमर्श करके नही बनाये जाते, असंवैधानिक तरीके से कानून बनाकर भारत की जनता के सिर पर थोप दिये जाते है। 1894 में अंग्रेजों द्वारा भारतीयों की जमीन हड़प्पने का कानून बनाया गया, क्योंकि अंग्रेज यह समझ चुके थे कि भारत का किसान समृद्ध तथा सम्पन्न है और भारत के किसान की कमर कैसे तोड़ी जाए इसलिए भू-अर्जन कानून बनाया। जरा कल्पना कीजिए अगर नर्मदा बचाओं आन्दोलन इस देश में नही होता तो क्या हमारी चुनी हुई सरकार से उम्मीद कर सकते थे कि वे भारत के किसानों की भूमि की लूट को बचाने के लिए भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर (मुआवजा) और पारदर्शिता का कानून 2013 बना पाते। नर्मदा बचाओं आन्दोलन के नेतृत्व में देश भर के संगठनों ने मिलकर सरकार पर दबाओं बनाया, जिसके परिणाम स्वरूप इस कानून को अमली जामा पहनाया गया, वर्ना हमारी चुनी हुई सरकार तो किसान, किसानी और गांव को बचाने की कब चिन्ता थी। नर्मदा बचाओं आन्दोलन ने सिर्फ किसानों के हक में भू-अर्जन का कानून बानने के लिए बाद्धय किया, बल्कि सरकारों के सामने यह चुनौती भी खड़ी की विकास के नाम पर किसानों की जमीनें सरकार अधिग्रहित तो कर लेती है किन्तु विस्थापित परिवारों का पुनर्वास कागजों तक ही सिमट कर रह जाता है। आन्दोलन ने देश के सामने यह सबूत करके दिखा दिया कि हमारी चुनी हुई सरकार किस तरीके से झूठे दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायाधीश की आँखों में भी धूल झोकने का काम करती है। नर्मदा बचाओं आन्दोलन के माध्यम से पूरे देश एवं दुनिया ने विकास के नाम पर विनास होते अपनी खुली आखों से देखा है।

नर्मदा बचाओं आन्दोलन ने देश के समक्ष वह तस्वीर भी प्रस्तुत की जिसमें आन्देलनकारियों को उसी तरह से प्रताड़ित किया जाता है जिस तरीके से अंग्रेज हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को प्रताड़ित करते थे। अगस्त 2021 में ही हमने नर्मदा बचाओं आन्दोलन की नेत्री सुश्री मेधा पाटकर जी के साथ सरकार के ईशारे पर पुलिस को दुर्व्यवहार करते देखा उनके बाल खींचते हुए पुलिस ने निर्दयता पूर्वक गिरफ्तार किया, मेधा जी के साथ पुलिस के दुर्व्यवहार की लाखों तस्वीरें देश और दुनिया ने देखी। पढ़ने में बहुत अच्छा लगता है दण्ड प्रक्रिया संहिता में उल्लेख किया गया है कि सुर्यास्त के पश्चात एवं सूर्योदय के पूर्व किसी महिला को गिरफ्तार नही किया जायेगा, उसी प्रकार उल्लेख है कि किसी महिला को कोई पुरूष गिरफ्तार नही करेगा, दण्ड प्रक्रिया संहिता में यह भी उल्लेख है कि गिरफ्तार करने के पश्चात आरोपी को निकटतम मजिस्टेट के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा, पूरा देश नर्मदा बचाओं आन्दोलन के दौरान इन कानूनों का उल्लंघन होते देखता रहा और देश को लगा कि न्यायपालिका, राष्ट्रीय मानव आयोग, राज्य मानव आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग, राज्य महिला आयोग ने अपनी आँख में राजनैतिक पट्टी बाँध रखी है जिसे वे खोलने को तैयार नही हैं। भू-अर्जन में किस तरीके का भ्रष्टाचार होता है नर्मदा बचाओं आन्दोलन ने न्यायालय के दरवाजे खट्खटाकर न्यायधीश को खुली आँखों से सब कुछ दिखा दिया, पर न्यायपालिका के आदेश को नही मानने की कई तरीके राज्य सरकारों ने निकाल लिये यह भी पूरे देश ने देखा और समझा।

36 वर्ष तक किसी आन्दोलन से जनता को जोड़कर रखने का हुनर तो कोई मेधा जी से सीखे, किसी भी आन्दोलन की सफलता नेतृत्व पर निर्भर करती है मेधा जी के नेतृत्व को आन्दोलनकारियों ने स्वीकारा यह देश और दुनिया ने बखूबी महसूस किया। मेधा जी आपके नेतृत्व को पूरा देश और दुनिया स्वीकारती है देश के किसानों को आप से बहुत आशा और उम्मीद है। तीन किसान विरोधी कानून निरस्त कारने की मांग को लेकर देश का अन्नदाता आपके नेतृत्व को स्वीकारता है तथा आपके उज्जवन भविष्य की कामना करता है। आप नर्मदा बचाओं आन्दोलन की तरह ही स्वस्थ एवं प्रसन्न रहे यह शुभकामना किसान आन्दोलन आपको देता है।

## काबुल में भारत की भूमिका शून्य क्यों ?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

यह अच्छी बात है कि हमारा विदेश मंत्रालय सभी प्रमुख पार्टियों के नेताओं को अफगानिस्तान के बारे में जानकारी देगा। क्या जानकारी देगा ? वह यह बताएगा कि उसने काबुल में हमारा राजदूतावास बंद क्यों किया ? दुनिया के सभी प्रमुख दूतावास काबुल में काम कर रहे हैं तो हमारे दूतावास को बंद करने का कारण क्या है ? क्या हमारे पास कोई ऐसी गुप्त सूचना थी कि तालिबान हमारे दूतावास को उड़ा देनेवाले थे? यदि ऐसा था तो भी हम अपने दूतावास और राजनयिकों की सुरक्षा के लिए पहले से जो स्टाफ था, उसे क्यों नहीं मजबूत बना सकते थे ? हजार-दो हजार अतिरिक फौजी जवानों को काबुल नहीं भिजवा सकते थे ? यदि पिछले 10 दिनों में हमारे एक भी नागरिक को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया गया है तो वे हमारे राजदूतावास को नुकसान क्यों पहुंचाते अर्थात वर्तमान स्थिति के बारे में हमारी सरकार का मूल्यांकन ठीक नहीं निकला। जहाँ तक नागरिकों की वापसी का सवाल है, चाहे वह देर से ही की गई लेकिन हमारी सरकार ने दुरुस्त किया। हमारी वायुसेना को बधाई लेकिन दूतावास के राजनयिकों को हटाने के बारे में विदेश मंत्रालय संसदीय नेताओं को संतुष्ट कैसे करेगा ? इसके अलावा बड़ा सवाल यह है कि काबुल में सरकार बनाने की कवायद पिछले 10 दिन से चल रही है और भारत की भूमिका उसमें बिल्कुल शून्य है। शून्य क्यों नहीं होगी ? काबुल में इस समय हमारा एक भी राजनयिक नहीं है। मान लिया कि हमारी सरकार तालिबान से कोई ताल्लुक नहीं रखना चाहती लेकिन पूर्व राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री हामिद करजई और डॉ. अब्दुल्ला तो हमारे मित्र हैं। वे मिली-जुली सरकार बनाने में जुटे हुए हैं। उनकी मदद हमारी सरकार क्यों नहीं कर रही है ? हम अफगानिस्तान को पाकिस्तान और चीन के हवाले होने दे रहे हैं। हमारी सरकार की भूमिका इस समय काबुल में पाकिस्तान से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो सकती थी, क्योंकि तालिबान खुद चाहते हैं कि एक मिली-जुली सरकार बने। इसके अलावा तालिबान ने आज तक एक भी भारत-विरोधी बयान नहीं दिया है। उन्होंने कश्मीर को भारत का अंदरुनी मामला बताया है और अफगानिस्तान में निर्माण-कार्य के लिए भारत की तारीफ की है। यह सोच बिल्कुल पोंगापंथी और राष्ट्रहित विरोधी है कि हमारी सरकार तालिबान से सीधा संवाद करेगी तो भाजपा के हिंदू वोट कट जाएंगे या भाजपा मुस्लिमपरस्त दिखाई पड़ने लगेगी। तालिबान अपनी मजबूरी में पाकिस्तान का लिहाज़ करते हैं।

# मैं इशारे देती हूं लेकिन खुलकर नहीं बताती: जान्हवी कपूर



जान्हवी कपूर बॉलिवुड की उन ऐक्ट्रेसेस में से हैं, जो काफी कम बोलती हैं। हालांकि इस बार जान्हवी करीना कपूर के चैट शो पर पहुंचीं और उन्होंने काफी कुछ कह डाला है, जिसमें रोमांस और डेटिंग की भी बातें शामिल हैं। जान्हवी कपूर ने करीना से उनके चैट शो वॉट वुमन वॉन्ट पर खुलकर बातें कीं। यहां तक कि जान्हवी ने लव और डेटिंग को लेकर भी उनसे ढेर सारी बातें की हैं। करीना ने आगे पूछा कि यदि बात रोमांस और डेटिंग की करें तो क्या उन्हें लगता है कि क्या उनकी पीढ़ी खुशकिस्मत है और उनके पास इतने सारे विकल्प हैं? या फिर ये बुरी बातें हैं? जान्हवी ने कहा- यह अच्छा है, लेकिन मैं कभी ऐसे किसी ऐप (डेटिंग ऐप) पर नहीं गई हूं। इसलिए मुझे इसके फायदों के बारे में नहीं पता। जान्हवी ने आगे कहा, लेकिन मेरे कई दोस्त बम्बल पर हैं और डेट्स पर जाते हैं और मुझे लगता है कि ये मजेदार अनुभव ही होता है। आप नए लोगों से मिल पाते हो...नई चीजें सीख पाते हो। तो मुझे लगता है कि एक खुलापन सा आ गया है जो कि अच्छा है। जान्हवी से करीना ने पूछा कि क्या कभी तुमने किसी को डेट पर जाने के लिए पूछा है? इसपर उन्होंने कहा, कभी नहीं, वैसे भी मैं बड़ी चालाक हूं। मैं इशारे देती हूं, लेकिन मैं खुलकर नहीं बताती जब तक कि मुझे यकीन न हो कि सामने वाले को भी मैं पसंद हूं। पर मजा आता है न थोड़ा सा ऐसे पलकें झपकाने में, थोड़ा ऐसे मजाक, मजाकिया बनने में। कोई मुझपर ध्यान दे ये मुझे पसंद नहीं आता। पर, मैंने कभी पहला कदम नहीं उठाया है। उस मामले में मैं थोड़ा फट्टू हूं। वर्कफ्रंट की बात करें तो जान्हवी कपूर के हाथ में इस वक्त कई सारी फिल्में हैं।

## फोन भूत के सेट पर कटरीना ने सिद्धांत संग खेला बैडमिंटन, वीडियो में देखें स्टार्स की मस्ती

कटरीना कैफ इन दिनों ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ राजस्थान के उदयपुर शहर में फिल्म फोन भूत की शूटिंग कर रही हैं। तीनों स्टार्स शूटिंग के अलावा मस्ती भी कर रहे हैं। वह इसके अपडेट्स सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। कटरीना कैफ ने



बैडमिंटन खेलने का एक वीडियो शेयर किया है। कटरीना कैफ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि वह सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ बैडमिंटन खेल रही है। कटरीना कैफ फन मूड में नजर आ रही हैं। वहीं, ईशान खट्टर दोनों का गेम देखते हुए डांस करते हुए दिख रहे हैं। वीडियो के साथ ढल गया दिन हो गई शाम गाना भी बज रहा है। कटरीना कैफ ने अपने इस वीडियो के साथ लिखा प्रेफेशनल दिखने वाला बैडमिंटन हमने डांसिंग के साथ मिक्स करके खेला। ईशान खट्टर को भी खेलने का मौका मिला था। सिद्धांत चतुर्वेदी यहां दिखा रहे हैं कि मैं जीत रही थी लेकिन असल में ऐसा था नहीं। फिल्म फोन भूत एक हॉरर कॉमिडी फिल्म है, जिसका डायरेक्शन गुरमीत सिंह कर रहे हैं। वहीं, फिल्म को रितेश सिंधवानी के साथ फरहान अख्तर प्रड्यूस कर रहे है। ये फिल्म इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो कटरीना कैफ रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी में अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा वह अली अब्बास जफर की सुपरहीरो सीरीज में भी हैं। वहीं, सिद्धांत कपूर शकुन बत्रा की अगली फिल्म में अनन्या पांडे और दीपिका पादुकोण के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। इसके अलावा ईशान खट्टर हाल ही में रिलीज हुई फिल्म खाली पीली में अनन्या पांडे के दिखाई दिए थे।

## एक्टर बनने को बिना तैयारी मुंबई न आएं : राजकुमार राव



फिल्मों में अपनी ऐक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लेने वाले बॉलिवुड ऐक्टर राजकुमार राव का कहना है कि सिनेमा में बदलाव आ रहा है। ऐसे में ऐक्टर बनने की चाहत रखने वाले कलाकार बिना किसी तैयारी के मुंबई में न आएं। एक कार्यक्रम में राजकुमार राव ने कहा, 'मेरे पास बस यही एक टैलेंट था कि मुझे अपनी कला से प्यार हो गया था। बचपन से ही मुझे एक्टिंग भाने लगा था। मैं कभी पैसे या शोहरत के पीछे नहीं भागा। मैं खुद में सोचा कि यही एक चीज है जिससे मुझे वाकई में लगाव है और जिंदगी भर इसे ही करना चाहता हूं। मैंने दिल्ली में थिएटर करना शुरू कर दिया और बाद में पुणे के फिल्म इंस्टीट्यूट में शामिल हो गया, क्योंकि मैं इस शहर में बिना किसी तैयारी के नहीं आना चाहता था।'

# सनी देओल सीरीज जी 49 से करेंगे डिजिटल डेब्यू, मचाएंगे धमाल



सनी देओल जल्द ही अपना डिजिटल डेब्यू करने वाले हैं। खबर है कि सनी जी5 प्रोडक्शन के साथ अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रहे है, जिसके लिए शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सनी की डिजिटल डेब्यू सीरीज का नाम जी 49 है। इसके लिए सनी देओल मुंबई के मड आइलैंड में शूटिंग कर रहे हैं। हालांकि, सीरीज जी 49 को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी अभी नहीं मिली है। शो की डिटेल्स अभी आना बाकी है, लेकिन यह खबर निश्चित रूप से सनी के फैंस को पसंद आएगी। सनी देओल के ओटीटी में एंट्री को बॉबी देओल से जोड़कर देखा जा रहा है। बॉबी देओल काफी लंबे समय तक स्क्रीन से दूर रहने के बाद जब 'आश्रम' सीरीज से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आए तो यह सीरीज और बॉबी देओल का अभिनय लोगों को खासा पसंद आया। मेकर्स इसका दूसरा सीजन भी ले आए। खबर है कि आश्रम के बाद अब बॉबी को साउथ की फिल्मों से भी ऑफर मिलने लगे हैं। बॉबी देओल को डिजिटल एंट्री से मिली सक्सेस को देखकर लगता है कि सनी देओल ने भी उनके नक्शेकदम पर चलने का मन बना लिया है। बता दें कि अंतिम बार सनी देओल साल 2019 में फिल्म ब्लैंक में नजर आए थे। इसके बाद पल पल दिल के पास फिल्म से वो निर्देशन के क्षेत्र में भी आ चुके हैं। इस फिल्म के जरिए उन्होंने अपने बेटे करण देओल को लॉन्च भी किया था। हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। वहीं, सनी देओल फिल्म अपने 2 की भी तैयारियों में लगे हुए हैं। इस फिल्म में देओल परिवार की तीन पीढ़ी साथ में नजर आएंगी। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित और दीपक मुकुट द्वारा निर्मित इस फिल्म की शूटिंग मार्च से शुरू हो सकती है। बात करें फिल्म अपने की तो यह फिल्म पारिवारिक कहानी पर आधारित है और साल 2007 में रिलीज हुई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

# मोती जैसे चमक उठेंगे आपके पीले और मैले दांत, अपनाएं ये घरेलू उपाय

दांतों में जमा मैल और पीलापन आज के समय की काफी बड़ी समस्या है। जो ना सिर्फ कई डेंटल प्रॉब्लम्स को जन्म देता है, बल्कि पब्लिक में आपका खुलकर हंसना भी दुश्वार हो जाता है। कई बार तो दांतों में यह पीलापन और मैल सख्त रूप ले लेता है तो यह एक परत के तौर पर दांत में जम जाता है। जिससे बैक्टीरिया और कैविटी की समस्या जन्म लेने लगती है और यह आपके दांतों को भारी नुकसान पहुंचाता है। कई बार तो इसका रिजल्ट ये होता है कि ना तो आप खाना खा पाते हैं और कई बार ये टूटने की कगार में आ जाते हैं। ऐसे में आपको डॉक्टर का रुख करना पड़ता है।

लेकिन, अगर आप इस समस्या को समय रहते कंट्रोल कर लेते हैं तो आपको इन गंभीर समस्याओं से रूबरू नहीं होना पड़ता। तो अगर आप भी दांत में जमा इस सख्त परत से परेशान हैं तो आज हम आपको बताने जा रहे हैं कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे, जिसके जरिए आप घर पर रहकर ही इस समस्या से निजात पा सकते हैं और चमचमाते दांतों के साथ आपको किसी के सामने हंसने में हिचकिचाहट भी नहीं होगी। तो कौन से हैं वो घरेलू उपाय, चलिए बताते हैं आपको-

**बेकिंग सोडा:** दांतों की सफाई और टार्टर से छुटकारा पाने के लिए बेकिंग सोडा बेहतरीन उपाय है। आपने कई बार कपड़ों में से दाग छुटाने के लिए बेकिंग सोडा के इस्तेमाल के बारे में सुना होगा, लेकिन यह दांतों को भी अच्छे से साफ करता है। यह दांतों से टार्टर को हटाकर बैक्टीरिया को भी मारता है। इसके साथ ही यह मुंह की गंध भी दूर करता है। कैसे इस्तेमाल करें- बेकिंग सोडा में थोड़ा-सा पानी और नमक मिलाएं और फिर इसे



अपने टूथब्रश में रखकर इसे टूथपेस्ट की तरह इस्तेमाल करें। ब्रश को दांतों पर धीरे-धीरे घुमाएं। ज्यादा तेजी से ब्रश करने से आपके मसूड़े छिल सकते हैं।


**लौंग का तेल या फिर लौंग:** लौंग या फिर लौंग का तेल सिर्फ दांतों के दर्द से ही छुटकारा नहीं दिलाता, बल्कि दांतों में जमा मैल और बैक्टीरिया को भी मारता है। दरअसल, लौंग में एंटीमाइक्रोबियल एजेंट्स होते हैं जो दांतों में छिपे कीटाणुओं से लड़ते हैं और साथ ही मुंह से आने वाली गंध को भी दूर करते हैं। । भारतीय घरों में लौंग बेहद आसानी से मिल जाती है।

**कैसे इस्तेमाल करें-** लौंग के तेल से दांतों को ब्रश करें। या फिर लौंग को पीसकर इसका पाउडर बनाकर रख लें। फिर दांत ब्रश करते समय इसके पाउडर में थोड़ा पानी मिलाएं और कुछ बूंदें नींबू की मिलाएं। फिर इससे अच्छे से ब्रश करें।

**एप्पल साइडर विनेगर:** दांतों की समस्या से जूझ रहे हैं तो सेब का सिरका यानी एप्पल साइडर विनेगर आपके लिए काफी मददगार हो सकता है। वजन घटाने से लेकर खाने को टेस्ट देने जैसे कई कामों में एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल होता है। इन सबके अलावा यह दांतों को सफेद बनाने और डेंटल प्रॉब्लम्स दूर करने का भी काम करता है। क्योंकि इसमें एसिडिक तत्व होते हैं। कैसे करें इस्तेमाल- एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल करने से पहले बॉटल को अच्छी तरह से हिला लें। एक चम्मच एप्पल साइडर विनेगर में दो चम्मच पानी मिलाएं और फिर टूथब्रश को इस पानी से भिगाएं और दांतों को ब्रश करें।

**स्पाइसी खाना:** भारतीयों को स्पाइसी खाना काफी पसंद होता है। अलग-अलग खाने में भारतीय घरों में अलग-अलग मसाले इस्तेमाल होते हैं, जो उस खाने की पहचान होते हैं।

# गलत डायपर पहनने से बच्चे की सेहत पर आ सकती है आफत, जानें इस गलती से बचने का तरीका



जन्म के बाद शिशु बस दूध पीने, पेशाब करने और मल त्यागने का काम करता है। आमतौर पर नवजात शिशु हर आधे घंटे में पेशाब करते हैं जिस वजह से उनके कपड़े बार-बार बदलने का झंझट होता है। इसलिए अब लोग सूती कपड़े की लंगोट की जगह डायपर का इस्तेमाल करने लगे हैं। डायपर घंटों तक शिशु की स्किन से टच होते हैं इसलिए हमेशा अच्छी क्वालिटी के ही डायपर चुनने चाहिए वरना बच्चे की स्किन को नुकसान पहुंच सकता है। यहां हम आपको बता रहे हैं कि गलत डायपर पहनने से बच्चों की स्किन को क्या नुकसान पहुंच सकते हैं और किस तरह सही डायपर चुनना चाहिए।

### डायपर हैं बहुत जरूरी

जैसा कि हमने पहले भी बताया कि बच्चे को डायपर पहनाना बहुत आवश्यक होता है क्योंकि वो हर आधे घंटे में पेशाब करता है। डायपर कई घंटों तक बच्चे के पेशाब को सोख सकता है जिससे बार-बार कपड़े बदलने की झंझट खत्म हो जाती है।

### डायपर के नुकसान

**डायपर की वजह से बच्चों को निम्न दिक्कतें हो सकती हैं :**

**डायपर रैशेज :** इसमें बच्चों की स्किन पर लालिमा और छाले हो सकते हैं। इसकी वजह से बच्चा दर्द और असहजता के कारण रोने लगता है। समय पर डायपर ना बदलने या डायपर के खराब मटीरियल के कारण ऐसा होता है।

**स्किन इंफेक्शन :** डायपर में केमिकल वाले मटीरियल के इस्तेमाल से शिशु की स्किन पर इंफेक्शन हो सकता है। इससे बच्चे की स्किन पर रैशेज या फुंसियां निक सकती हैं जो इंफेक्शन का रूप ले सकती हैं। इस हिस्से को छूने या हिलने पर बच्चा रोने लगता है।

**एलर्जी :** डायपर की वजह शिशु को एलर्जी हो सकती है। अगर आपके बच्चे को बार-बार एलर्जी हो रही है तो एक बार डायपर का ब्रांड बदलकर देखें।

### कैसे खरीदें सही डायपर

अपने शिशु के लिए सही डायपर चुनने में आपको निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए :

- डायपर का मटीरियल मुलायम और फ्लफी होना चाहिए जो शिशु की स्किन को नुकसान ना पहुंचाए और आराम महसूस करे। इससे डायपर रैशेज की संभावना भी कम हो जाती है।
- लूज डायपर की वजह से लीकेज और स्किन इंफेक्शन हो सकता है जबकि टाइट डायपर लालिमा और रैशेज पैदा कर सकते हैं। वहीं डायपर चुनें जो बच्चे को सही तरह से फिट आए।

### इन दो बातों का भी रखें ध्यान

- डायपर में सुपर एब्जॉर्ब क्वालिटी होनी चाहिए। डायपर के पेशाब को सोखने पर उसमें से बदबू नहीं आती है और इंफेक्शन भी नहीं फैलता है।
- ज्यादा केमिकल वाली मटीरियल के डायपर से बच्चे को कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। ऐसा डायपर चुनें जिसमें नॉन-टॉक्सिक मटीरियल का इस्तेमाल किया गया हो।

## शाबाश मिठू: हाथ में बैट लिए नेट पर पसीना बहा रहीं तापसी पन्नू



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस तापसी पन्नू की पाइपलाइन में कई फिल्में हैं इसलिए उनके बैक-टू-बैक शूटिंग शेड्यूल हैं। उन्होंने फिल्म रश्मि रॉकेट की शूटिंग खत्म करने के बाद फिल्म लूप लपेटा का गोवा शेड्यूल पूरा किया है। अब तापसी पन्नू फिल्म शाबाश मिठू की तैयारी कर रही हैं। यह फिल्म भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कैप्टन मिताली राज की बायॉपिक है। तापसी पन्नू ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर अपनी दो तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें वह नेट पर क्रिकेट की प्रैक्टिस कर रही हैं। तापसी पन्नू फिल्म शाबाश मिठू में मिताली राज का किरदार निभाएंगी। तापसी पन्नू को इस समय मिताली राज की दोस्त और पूर्व क्रिकेटर नूशिन अल खादिर कोचिंग दे रही हैं। तापसी पन्नू ने कहा था, मैंने पहले कभी क्रिकेट नहीं खेला है, वह बस इस गेम की फैन रही हैं। यह भूमिका एक बड़ी चुनौती बनने जा रही है। लेकिन मुझे लगता है कि दबाव मुझे सबसे अच्छा काम करने के लिए प्रेरित करता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो तापसी पन्नू के पास कई फिल्में हैं।



# गिरादडा में गौ सेवा के प्रति समर्पित हुए भीकाराम देवासी, संतो की प्रेरणा से गौ सेवा का लिया संकल्प

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

पाली जिले में गिरादडा मुख्य रोड़ पर स्थित श्री चारभुजा गौशाला के माध्यम से गौ सेवा के प्रति समर्पित होकर सेवा रूपी जज्बे के साथ गौसेवक भीकाराम देवासी ने जिम्मा लेकर अपने स्वर्णिम जीवन को गौसेवा के प्रति समर्पित करने का निश्चय किया । पाली जिला मुख्यालय से करीब 8 किमी. की दूरी पर स्थित छोटे से गांव के युवक भीकाराम देवासी ने संकल्प व सेवा के प्रति अनुठी मिसाल गौसेवा के प्रति पेश कर समर्पण भाव के रूप में सेवा का कार्य किया जा रहा है । ग्रामीणों,भामाशाहों एवं समाज सेवीयों के सहयोग से तीनो दिन गौशाला में लोगो द्वारा आर्थिक सहयोग भी गौसेवा के प्रति भरपूर मिल रहा है ।





### चाय की थडी को छोड देवासी ने लिया गौ सेवा का संकल्प-

हुआ यू कि आज ठीक पांच वर्ष पूर्व गिरादडा के 45 वर्षीय बीपीएल परिवार से भीकाराम देवासी प्रतिरोज पाली के रूई कटला में चाय की थडी चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण किया करता था। गिरादडा से पाली सुबह शाम आवागमन के दौरान रास्ते में दिखाई देने वाली बिमार गाय व गौवंश को देख कर देवासी का मन बडा विचलित होने के साथ सेवा का संकल्प लेकर गौशाला के रूप में सेवा का जज्बा मन में पैदा हुआ। देवासी ने शुरूआती क्षण में उन्दरा चौराहा पर स्थित आश्रम श्रीश्री1008 बालकदासजी महाराज से प्रेरणा व आशिर्वाद लेकर गौशाला खोलने की इच्छा मन में जाग्रह हुई । जिसके बाद गोपा अष्टमी के दिन गांव में गौमाता के नाम से ग्रामीणों के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने सर्वसहमति से भीकाराम देवासी को श्री चारभुजा गौशाला नाम से नामकरण करते हुए लोगो ने भीकाराम देवासी को अध्यक्ष के रूप में मनोनित किया । इस दौरान गौसेवा के समर्पण भाव के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी जिम्मा लेते हुए ग्रामीणों के सहयोग से 1000 वृक्ष भी लगवाए गए।

### संतो की प्रेरणा से मिला गौसेवा का संदेश-

श्री चारभुजा गौशाला के शुरूआत से लेकर अब तक के सम्पूर्ण निर्माण कार्य में संतो की प्रेरणा से विशेष मार्गदर्शन रहा है । वर्तमान में श्री चारभुजा गौशाला के संस्थापक भीकाराम देवासी द्वारा पिछले करीब 7 वर्षो से क्षेत्र सहित आसपास के स्थानीय एवं प्रवासी लोगो से गौसेवा के प्रति सहयोग हेतु सम्पर्क कर उनसे गौशाला में सहयोग के बारे में प्रेरित करने का कार्य भी किया जा रहा है । लोगो द्वारा मिल रहे भरपूर सहयोग की बदौलत आसपास के क्षेत्रवासीयों के लिए श्री चारभुजा गौशाला एक अनुठी मिसाल पेश करते हुए वर्तमान में करीब 400 से अधिक गौवंश मौजूद है ।

गौशाला में गायो की देखभाल की व्यवस्था के प्रति भी जिम्मेवारी बखूबी उठा रहे है । प्रतिरोज गांयो के लिए हरा चारा,पीने की पानी की व्यवस्था सहित कई बार लापसी का खाना भी पोष्टिक भोजन दिया जा रहा है ।

सिरवी समाज के भामाशाह स्व.गवरीबाई जोधारामजी सिरवी गिरादडा की ढाणी द्वारा गौवंश के चारे की व्यवस्था को लेकर एक ट्रेक्टर व टॉली गौशाला को भेट किया । जिसके द्वारा पाली सब्जी मंडी से गौवंश के लिए हरी सब्जियां,चारा लाने व खिलाने में टेक्टर के रूप में मदद ली जा रही है ।

### इनका रहा सहयोग-

श्री चारभुजा गौशाला में भामाशाह द्वारा गौसेवा के प्रति किए जा रहे सहयोगग को लेकर अन्य लोगो के लिए भी प्रेरणादायी के रूप में दिखाई दे रहा है । भामाशाह विक्रमसिंह जोधा आईजीपी ढाणी,हरि किशन गेहलोत सोजत,नगराज रामलाल सोनी पाली,नवरतन सोनी पाली, शांतिलाल नाबरियां अध्यक्ष श्री चारभुजा गौशाला गिरादडा,मोतीलाल बोहरा भांवरी,खिमसिंह राजपुरोहित ग्रुप पाली,देवीसिंह चौहान मंडली कोषाध्यक्ष श्री चारभुजा गौशाला गिरादडा, विंजाराम जोधाराम सिंरवी गुलाबपुरा की ढाणी,केवलचंद मुथा पाली, गुमानसिंह गिरादडा, पिंजरापोल गौशाला सहित बडी तादाद में भामाशाह एवं समाजसेवीयों द्वारा भरपूर सहयोग मिल रहा है ।

## वन-टू-वन



### सोंई निवासी त्रिलोक यादव ने इमरजेंसी मे किया दुर्लभ रक्त समूह बी नेगेटिव ब्लड का दूसरी बार रक्तदान

**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर जिला निवासी 18 वर्षीय युवक लक्ष्य चिल्ड्रन केयर हॉस्पिटल मे भर्ती था जिसका बीमारी के चलते हिमोग्लोबिन कम हो गया जिसके तत्काल एक यूनिट अति दुर्लभ रक्त समूह बी नेगेटिव कि आवश्यकता बी नेगेटिव ब्लड 17 हजार मे से किसी एक का मिलता है ऐसे मे परिजन परेशान हो रहे थे राष्ट्र भक्त युवा संगठन के सोंई मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा के प्रयासों से सोंई निवासी त्रिलोक यादव ने सोंई से आकर जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक मे पहुंचकर दूसरी बार रक्तदान किया जिसे संस्था कि और से प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया इस दौरान राष्ट्र भक्त युवा संगठन जिलाध्यक्ष संजय मंगल, मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा, ब्लड बैंक स्टाफ लक्ष्मण गुर्जर आदि मौजूद थे ।।

### 'वैक्सीनेशन महाअभियान में 25 तथा 26 अगस्त को कोरोना वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज निर्धारित केन्द्रों पर लगाया जाएगा'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । जिसके तहत भिण्ड अर्बन अन्तर्गत आई वार्ड जिला अस्पताल, विक्रमपुरा यूपीएचसी सिविल डिस्पेंसरी, भवानीपुरा यूपीएचसी,17 वीं बटालियन स्कूल, बुनियादी स्कूल, डांग बंगला, आरटीओ ऑफिस, व्यापार मण्डल धर्मशाला पर बनाए गए केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी।

गोहद क्षेत्रान्तर्गत शा.सर्वोदय स्कूल गोहद, अर्बन पीएचसी गोहद, मालनपुर पीएचसी, शा.कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल मौ, एण्डोरी, ऐनो, बाराहेड, बिरखडी, गिरगांव, गुहींसर, झांकरी, खनेता, रसनोल, रतवा, शेरपुर, चंदोखर बनाए गए केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी।

फूप अन्तर्गत पीएचसी फूप, भदाकुर, सफेदपुरा, गोहरा, चांसड, दीनपुरा, सपाड, बरही, कनावर, सिहुंडा, एसएचसी अकोड़ा, सिकाहटा, परसोना, ककहारा, टेहनगुर, सरसई, पुरा डूमना, गुसींग, ढ़ोचरा, पांडरी, पुलावली, लहरोली, बिलाव, पीएचसी ऊमरी, नुन्हाटा, जामना, दबोहा, कुम्हरौआ, बाराकला, बबेडी, मनकाबाग, बिरधनपुरा, झखमोली, पेवली, द्वार बनाए गए केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी।

अटेर अन्तर्गत अटेर स्कूल, कनेरा, प्रतापपुरा, सुरपुरा स्कूल, सकराया, रमा, गजना, परा, पिथनपुरा, मसूरी, ऐतहार, लावन, बरोही, पुर, उदोतपुरा, जवासा, खड़ीत, अहरोलीघाट, खरिका, क्यारीपुरा बनाए गए केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी।

लहार क्षेत्रान्तर्गत शा.कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लहार, रहावली उवारी, सुन्दरपुरा, भीकमपुरा, काथा, ररी, बरहा, असवार, बिजोरा, शा.हाईस्कूल दबोह, ज्ञानपुरा, जाखोली, मुरावली, शा.कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल आलमपुर, गांगेपुरा, गेथरी, रूरई, ररूआ नं.2 बनाए गए केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी।

मेहगांव क्षेत्रान्तर्गत कतरोल, बिरगवां, सड़ा, असोखर, नुन्हाड़, आरोली, सुकाण्ड, जेतपुरा, सायना, अड़ोखर, अजनोधा, अमायन, बरहद, कन्या विद्यालय मेहगांव, गोरमी, शा.अस्पताल मेहगांव, हरीक्षा, कचनावकला, कनाथर, कृपेकापुरा, कुटरोली, मानहड़, परोसा, सिकरोदा, सोनी, सुनारपुरा, भारोली बनाए गए केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी।

रौन क्षेत्रान्तर्गत सीएचसी रौन, बिश्वारी, मेहदा, थानूपुरा, गोरई, पचोखरा, मानगढ़, पीएचसी मछण्ड़, बिरखड़ी, बहादुरपुरा, ररूआ नं.1, पीएचसी मिहोना, अचलपुरा, चांदोख एवं जेतपुरा गुढ़ा केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी।

# जनपद के 28 केंद्रों पर निष्पक्ष, नक़लविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभिक अर्हता परीक्षा सम्पन्न

**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

### डीएम, एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा





एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में प्रशासन एवं पुलिस द्वारा की गई चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच जनपद के 28 केन्द्रों पर मंगलवार को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2021आयोजित की गई। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जनपद में प्रथम बार आयोजित की गई परीक्षा का डीएम अंकित कुमार अग्रवाल, एसएसपी उदय शंकर सिंह, एडीएम प्रशासन विवेक कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर पहुँचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान एसीसी कान्वेंट स्कूल, क्रिश्चियन एग्रीकल्चरल इंटर कॉलेज आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को चेक किया तथा मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि आयोग की मंशानुसार प्रत्येक दशा में को पीईटी परीक्षा को सकुशल व निर्विघ्न ढंग से सम्पन्न कराया जाए।

जनपद के 28 केंद्रों पर दो पारियों में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रथम पाली प्रथम पाली में 10876 परीक्षार्थी में से 9908 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में 10876 परीक्षार्थी मैं से 9808 परीक्षार्थी उपस्थित मिले। डीएम ने निर्देश दिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर व्यवस्थाओं को पूर्ण किया जाए, जिससे किसी भी परीक्षार्थी को असुविधा का सामना न करना पड़े। आयोग की मंशा अनुसार प्रत्येक केंद्र पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी भी ली गई।

उन्होंने कहा कि परीक्षा कक्ष में कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करते अथवा नकल करते हुए पकड़ा गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सभी केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन कराया गया। परीक्षा केंद्र पर पुरुष एवं महिला शौचालय, पेयजल, कोविड-19 का अनुपालन अभ्यार्थियों के मोबाइल बैग इत्यादि जमा करने की व्यवस्था की गई।



### महावैक्सिनेशन अभियान-2 के संबंध में क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक एवं पत्रकार वार्ता कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ,दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । 25 व 26अगस्त 2021को महावैक्सीनेशन अभियान -2 के सम्बंध में क्राइसिस मैनजमेंट की बैठक एवं पत्रकार वार्ता कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया, सांसद श्रीमती संध्या राय,विधायक मेवाराम जाटव वर्चुअल रूप से जुड़े। साथ ही सभाकक्ष से विधायक संजीव सिंह कुशवाह, भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, एसपी मनोज कुमार सिंह, एडीएम प्रवीण फुलपगारे, सहित अन्य अधिकारी, क्राइसेस मैनेजमेंट के सदस्य एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# आवारा सांड के हमले से महिला की मौत

### पहले भी कर चुका है कई लोगों को घायल।

### गांव के लोगों ने कड़ी मशक्क्त के बाद पकड़ा, हाईवे पर लगाया जाम,बरोही थाना पुलिस मौके पर पहुंची

**उमाकान्त शर्मा रिपोर्टर, दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिंड।। जिले के लावन मोड़ पर स्थित गांव के पास नेशनल हाईवे पर एक सांड़ ने मंगलवार सुबह उत्पात मचाना शुरू कर दिया। उसने तीन लोगों पर हमला बोल दिया। एक महिला की मौत हो गई, जबकि हमले में दो युवक घायल हो गए है। क्षेत्रीय लोगों ने बेकाबू सांड़ को कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ लिया है। सांड़ के हिंसक होने की वजह से लोगों में आक्रोश बना है। यह सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई है। बरोही और देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया।वहीं घायल को उपचार के लिए रैफर किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, नेशनल हाईवे पर कैलाशी (55)पत्नी रामसनेही शाक्य निवासी शाहपुरा लावन नहर की पुलिया सुबह करीब छह बजे वो घर के बाहर थी, तभी पीछे से आए एक बेकाबू सांड़ ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया। सांड़ ने महिला को दो बार सींगों पर उठाकर जमीन पर पटक दिया। राहगीरों ने वाहन रोककर सांड़ को रोकना चाहा तो उस सांड़ ने युवकों का पीछा करना शुरू कर दिया। इधर सांड़ के हमले से घायल महिला ने सड़क पर ही दम तोड़ दिया। इसके बाद क्षेत्रीय लोगों ने बेकाबू सांड़ को रस्सी डालकर पकड़ लिया। सांड़ को पकड़े जाने के बाद उसे बांध दिया गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस पहले शव को लेकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंची। जहां मृतक महिला के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम न करने की बात कही। इसके बाद वो वापस पहुंचे तो शासन से राहत राशि की मांग करते हुए शव को सड़क पर रख दिया और जाम लगा दिया।

### दो घंटे तक लगा रहा जाम

- महिला की मौत के बाद परिजनों और क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश बना। क्षेत्रीय लोगों ने बुजुर्ग महिला का शव सड़क पर रखा और जाम लगा दिया। महिला की मौत के बाद महिलाएं सड़क पर ही बैठ गई और विलाप करती रही। इधर, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के लिए कहा, इस पर परिजनों ने विरोध कर दिया। मृतक महिला के परिजनों ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे। इसके बाद पुलिस ने शव को सड़क से हटवाया और जाम खुलवाया। करीव दो घंटे तक यातायात पूरी तरह से बंद रहा। दोनों ओर वाहन जाम में दूर-दूर तक फंसे रहे।

# 'भारतीय रेल प्रयागराज जोन के सदस्य डॉ सुशील गुप्ता रेलवे बोर्ड की बैठक में रखेंगे अपने प्रस्ताव'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भाजपा के वरिष्ठ नेता भारतीय रेलवे प्रयागराज जोन के सदस्य डॉ सुशील गुप्ता अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुड़ियाखेरे स्थित भिंड रेलवे स्टेशन पर पहुंचे जहां उन्होंने स्टेशन मास्टर वाई के गुप्ता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ इंस्पेक्शन किया और उन्होंने वहां चल रहे नवीन निर्माण कार्यों को देखा साथ ही रेलवे अधिकारी से चर्चा कर विकास के लिए सुझाव मांगे और कहा कि भारत सरकार भिंड रेलवे स्टेशन को अपनी योजनाओं के माध्यम से जनता को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए बढ़ रही है 7 वहीं क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय ने भी केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र के माध्यम से नवीन गाड़ियों को भिंड रूट पर चलाने का ध्यान आकर्षित कराया ताकि जनता एवं व्यापारियों को यात्रा करने में सुविधाएं मिल सकें 7

रेलवे प्रयागराज जोन के सदस्य डॉ सुशील गुप्ता ने स्टेशन पर स्वच्छता का भी मुआयना किया और उन्हें पूरी तरह से साफ-सफाई देखने को मिली 7भिंड स्टेशन विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके इसके लिए स्टेशन मास्टर गुप्ता ने अवगत कराया -

1. 50ष्ट क्रॉसिंग गेट अटेर के लिए जाता है वहां ओवरब्रिज बनाया जाए क्योंकि यहां अक्सर जाम लग जाता है,
2. इटावा एंड पर अक्सर पानी भर जाता है जिसे निकालने की व्यवस्था की जाए, इसके ऊपर टीन सेट लगाने की व्यवस्था की जाए,
3. नया स्टेशन बनाया गया है यहां पर कोई अप्रोच रोड की व्यवस्था नहीं है,
4. नई बिल्डिंग के सामने बैठने एवं टीम सेट की कोई व्यवस्था नहीं है वह पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है,
5. नई स्टेशन बिल्डिंग पर कोई भी स्टेशन प्रबंधक व आगंतुक के लिए कोई गेस्ट हाउस की कोई सुविधा नहीं है सर बुकिंग रूम है,
6. कोई नई ट्रेन इसलिए नहीं चल पा रही है क्योंकि ग्वालियर से उदी मोड़ तक रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य पूर्ण नहीं है वह सोनी स्टेशन अभी तक नया ङ्कष्ठ/श्वढ्ढ नहीं हो पाया है,
7. ट्रेन -

i). ग्वालियर-इटावा पैसेंजर -- इटावा के लिए 8¬15 व ग्वालियर जाने के लिए 10¬45

ii). झांसी-इटावा एक्सप्रेस --- इटावा जाने के लिए 20¬30 व ग्वालियर जाने के लिए 5¬38

iii). रतलाम-भिंड एक्सप्रेस --- रतलाम से भिंड के लिए 9¬50 व भिंड से रतलाम जाने के लिए 17¬20,



रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ गुप्ता ने कहा आगामी दिनों में प्रयागराज जोन की बैठक आयोजित की गई है जिसमें भिंड रेलवे स्टेशन के विकास के लिए सुझाव रेलवे बोर्ड अधिकारियों के समक्ष रखूंगा ताकि समस्याओं का समाधान शीघ्र हो सके ।इंस्पेक्शन में पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ शिव कुमार राजोरिया,वरिष्ठ अभिभाषक आरबी सिंह बघेल तथा रेलवे विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे ।

## वन-टू-वन

### वैक्सीनेशन महा अभियानः धर्मगुरूओं के वेश में वॉलिंटियर्स ने वैक्सीनेशन के लिए किया प्रेरित

**भोपाल।** 25 एवं 26 अगस्त को भोपाल में वैक्सीनेशन महाअभियान के लिए कई संगठन जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं। मंगलवार को सीएफआई ट्रस्ट एवं टीम द्वारा हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, धार्मिक गुरूओं के वेश में लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए समझाइश दी एवं जागरूक किया। ऐशबाग, सुभाष नगर, हनुमान नगर, अशोका गार्डन, काकड़ा क्रेशर इत्यादि बस्तियों में 25 अगस्त और 26 अगस्त वैक्सीनेशन महा अभियान के लिए जागरूक कार्यक्रम किया गया। जागरूक कार्यक्रम में राजेश खन्ना, दीपिका नामदेव, नीता यदुवंशी, हेमलता सोनी, रीमा खेरबार, मनीषा साह, सविता लोधी, सुखमणि, बंदना यादव, शीतल विश्वकर्मा, आदि ने भाग लिया।

### डीजीपी ने प्रधान आरक्षक को 25 हजार की राशि से किया पुरस्कृत

**भोपाल।** राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय भोपाल में पदस्थ प्रधान आरक्षक क्रमांक 23 विनोद बघेल द्वारा 9 जुलाई 2021 को प्रातः 10 बजे भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक-2 पर चलती हुई पंजाब मेल ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही महिला यात्री श्रीमती सुनीता पति हेमंत पाली के अचानक पैर फिसलने के कारण प्लेटफार्म एवं ट्रेन के बीच फंसता देख अपनी जान की परवाह न करते हुए बड़ी स्फूर्ती एवं तत्परता से महिला को बाहर खींचते हुए उसकी प्राणरक्षा की गई। प्रधान आरक्षक के इस साहसिक एवं प्रशंसनीय कार्य के लिए पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी ने 25 हजार रूपए नगद इनाम की राशि से पुरस्कृत किया है।

### बाईक सवार दंपत्ति को तेज रफ्तार अन्य बाईक ने मारी टक्कर, पत्नि की मौत

**भोपाल।** राजधानी के निशातपुरा थाना इलाके मे स्थित भानपुर में रक्षाबंधन के दिन बाइक पर सवार होकर जा रहे दंपती को पीछे से आ रही तेज रफ्तार अन्य बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। अचानक हुए इस हादसे मे बाइक पर पीछे बैठी महिला सडक पर जा गिरी, ओर बेहोश हो गई। विवाहिता को उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहॉ शाम उनकी मौत हो गई। मामले मे पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि राजबाई पति ओमकार राठौर (52) खजूरी कलां अवधपुरी में रहती थी। उनके पति किसानी करते हैं। उनके तीन बेटे और एक बेटी है। सभी की शादी हो चुकी है। राजबाई के भाई करोंद में रहते हैं। 22 अगस्त रक्षाबंधन को दोपहर के समय राजबाई पति के साथ बाइक से भाई के घर जाने के लिए निकली थी। जैसै ही वो भानपुर स्थित निजी अस्पताल के गेट के सामने पहुंचे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद किसी तरह संभलते हुए ओमकार राठौर ने बाइक को गिरने से बचाया, लेकिन पीछे बैठे उनकी पत्नी सिर के बल सडक पर जा गिरी, जिससे उनके सिर मे गंभीर चोट आई थी। पति ने उन्हें करोंद स्थित निजी अस्पताल मे भर्ती कराया वहां इलाज के दौरान उनकी हालत लगातार नाजूक होती गई, आखिरकार बीती शाम राजबाई ने दम तोड दिया। पुलिस का कहना है, कि हादसे के बाद मोके से फरार आरोपी की बाइक का नंबर मिल गया है, जिसके आधार पर बाइक चालक पर मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### ट्रेनों और स्टेशनों पर गप्?पे वाला जुआ खिलाकर वारदातो को अंजाम देने वाला गिरोह बीना जीआरपी की गिरफ्त मे

**भोपाल।** बीना जीआरपी टीम ने बडी सफलता हासिल करते हुए एक ऐसे गिरोह को दबोचा है, जो ट्रेनों और स्टेशनों पर गप्पे वाला जुआ खिलाकर लूट ओर चोरी की वारदातो को अंजाम देता था। अधिकारियो ने बताया कि थाना जीआरपी बीना मे रनिंग ट्रेनों ओर स्टेशनों के आउटरों पर मुसाफिरो को गप्पे वाला जुआ खिलाकर की जा रही लूट की बढती घटनाओ की रोकथाम ओर बदमाशो की धरपकड के लिये आला अफसरो द्वारा दिए गये निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत संदिग्धों की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान थाना जीआरपी बीना की पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि चार-पांच सदिंग्ध युवक हथियारो से लैस होकर आउटर केबिन के पास झाडियों में छिपे बैठे है, जो भोपाल तरफ से आने वाली गोडवाना एक्सप्रेस के एसी कोच में डकैती डालने की योजना बना रहे है। जीआरपी बीना की टीम ने सूचना मिलते ही आरोपियों की धरपकड के लिये रेलवे स्टेशन आउटर भोपाल मे झाडियों के पास पहुंचकर घेराबंदी करते हुए बदमाशों को पकड लिया। पुछताछ मे पकडे गये बदमाशों की पहचान मनीष शर्मा पिता मनोहर शर्मा निवासी रायता तलाई सलामतपुर जिला रायसेन, भोपाल, इरफ़ान खान पिता अब्दुल रज्जाक खान निवसी सेमरा दीवानगंज स्टेशन के पास सलामतपुर, राकेश मेहरा पिता जमनाप्रसाद मेहरा निवासी सलामतपुर जिला रायसेन ओर गजराज अहिरवार पिता गुलाब सिंह अहिरवार निवासी बेरखेडी सलामतपुर जिला रायसेन के रुप मे हुई। बदमाशों के खिलाफ थाना जीआरपी बीना में आर्म्?स एक्?ट की धाराओ मे मामला दर्जकर उन्हे गिरफ्तार कर आगे की पुछताछ शुरु की। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किरते हुए बताया कि वे लंबे समय से ट्रेनों में गप्?पे वाला जुआ खिलाते हुए हारजीत का दाव लगवाकर यात्रियो से पैसे ऐंठते थे, ओर कई बार बदमाश हारे हुए यात्री से मारपीट कर पैसा छीन लेते , ओर रात के समय की रनिंग ट्रैनो मे बदमाश यात्रियों को बंदूक, कटटा अडाकर लूट भी करते थे। बदमाशो ने आगे बताया कि खेल के दौरान ही उनके गिरोह के दूसरे साथी यात्रियों का ध्?यान खेल में लगा होने पर उनका सामान चुरा लेते थे। पकडे गये गिरोह के बदमाशों ने जीआरपी थाना भोपाल मे 23 वारदातो को अंजाम देने की का खुलासा किया हे।

# अम्बाह टीकाकरण महाअभियान 2, इस महायज्ञ में वैक्सीन लगवाकर सभी लाभ ले : एसडीएम राजीव समाधिया

**केशव प्रसाद शर्मा ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**





अम्बाह । एसडीएम राजीव समाधिया ने अम्बाह वासियो से वैक्सीन लगवाने के लिए अपील की है श्री समाधिया ने टीकाकरण महाअभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए अम्बाह वासियों से अपील की है उन्होंने कहा है कि यह अभियान मानव जाति के लिए एक महायज्ञ है। इसमें वैक्सीन लगवाकर हम सबको इसे सफल बनाना है। उन्होंने जनता का आव्हान करते हुए कहा कि 25 और 26 अगस्त को चलाये जा रहे महाअभियान में प्रथम और दूसरी डोज वैक्सीन लगाई जा रही है यह अभियान आज बुधवार को भी चलाया जाएगा श्री राजीब समाधिया ने कहा है कि सरकार ने कोरोना की इस महामारी से देश की जनता को सुरक्षा चक्र देने के लिए सभी को निन्शुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इलाके में वैक्सीनेशन अभियान प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान से हम अपने परिवार और समाज की रक्षा करने में योगदान दे सकते हैं। हम सब भारतीयों के लिए सबको सुरक्षा देने का एक बेहतरीन मौका है सभी को वैक्सीन लगाने से सभी लोग सुरक्षित होंगे।नगर पालिका सीएमओ रामनिबाश शर्मा ने अपील की है कि हम सब अपने और अपने परिवार को कोविड संक्रमण से बचाने के लिए वैक्सीन लगवायें। सही मायने में वैक्सीन का पूरा प्रभाव लेना है तो हमें दोनों ही डोज लगवाने होंगे। उन्होंने कहा कि इसलिए तय समय-सीमा में दोनों ही डोज लगवायें। अपने परिवार, अपने मोहल्ले, आसपास रहने वाले सभी लोगों को प्रेरित करें कि वैक्सीन के दोनों डोज लगवाकर कोरोना महामारी की संभावित तीसरी लहर को रोकें।



### विधिक सहायता सचिव न्यायाधीश पवन बंदील के मार्गदर्शन में बाढ़ पीड़ितों की अंजना मारवाड़ी ने सहायता की

**विनोद पाठक ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर - विधिक सहायता सचिव न्यायधीश महोदय पवन बन्दील और विधिक सहायता अधिकारी विभुती तिवारी के मार्ग दर्शन मे श्चद्य1 अन्जना मारवाडी ने वार्ड आपदा मे घर घर जाकर लोगो को सहयता पहुचाई ! ओर लोगो को निजी सहयता कर के लोगो को खाना वस्त्र ओर चप्पल राशन सामग्री उपलब्ध कराई ! अन्जना मारवाडी ने कोरोना काल मे पहली ओर दुसरी लहर मे भी लोगो का काफी सहयोग किया।यह समाज सेवा मे हमेशा अग्रसर रहेने वाली ओर श्चद्य1 होने के नाते सभी समाजिक क्षेत्र के कार्यो मे श्चद्य1 अंजना मारवाड़ी अपना योगदान देती आई है।

**कांग्रेस युवा नेता आकडावास की अगुवाई में बैठक आयोजित**

## बैठक मे कांग्रेस नेता हुकमसिंह आकडावास ने आम जन की समस्याओं जल्द ही समाधान के बारे में की चर्चा

**पुष्पांजली टुडे**



पाली रानी । रानी के निकटवर्ती ईटन्त्रदरा चारणान स्थित माताजी मंदिर प्रांगण में मंगलवार को मुख्य अतिथि मारवाड़ विधानसभा क्षेत्र के कोंग्रेस प्रत्याशी जसाराम के राठौड तथा हुकमसिंह आकड़ावास की अगुवाई में बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि जसाराम के राठौड ने ग्रामीणों की जन समस्याओं को सुनकर जल्दी समाधान करने का भरोसा दिलाया। वहीं कांग्रेस युवा नेता हुकमसिंह आकड़ावास ने सरकार की आम जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर- घर तक दिलाने की बात करते हुए आमजन की समस्याओं से रूबरू होकर क्षेत्र के विभागीय अधिकारियों को फोन पर बातचीत कर जल्द ही समस्या के समाधान के बारे में कहा, इसी के साथ क्षेत्र के गांव -ढाणियों के विकास में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का आयोजन दिनेशसिंह की ओर से किया गया ।

#### यह भी रहे मौजूद

इस मौके पर नादाना पूर्व सरपंच हनवंतसिंह राठौड, भगवानपुरा पूर्व सरपंच लाबुराम देवासी ,पूर्व सरपंच निम्बाराम देवासी समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## वेलूर रानीपेट जिले तिरूपत्तूर जिले की कार्यकारिणी की बैठक होटल अवाना इन में आयोजित हुई

**पुष्पाजंली टुडे**



चैन्नई-तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन वेलूर रानीपेट तिरुपत्तूर जिले कि कार्यकारिणी कि बैठक वैलूर होटल अवाना इन मे 22अगस्त 2021 सुबह 10बजे सघंठन के जिला अध्यक्ष भॅवरलाल कोठारी जैन कि अध्यक्षता मे आयोजित कि गई इस कार्यकारणी की बैठक मे मुख्यअति के रुप में भारतीय उधीयोग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द ने भांग लिया और व्यापारियों को इमानदारी से व्यापार करने का आवाहन किया साथ हि स्वामी तेजानन्द ने केन्द्र सरकार से अनुरोध किया कि आभूषण शुद्धता के लिए लाया गया हालमार्क कानून का हम पुरी तरह से स्वागत करते हैं साथ ही केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि आभूषण शुद्धता के लिए लाया गया हालमार्क कानून के साथ द्धह्वद्वस्र कि प्रावधान को तुरन्त वापस लिया जाए इस कार्यकारणी की बैठक मे वेलूर रानीपेट जिला के नवनियुक्त अध्यक्ष विमल धालीवाल जिला सचिव वह तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस मुरली ,प्रदेश सहसचिव कल्याणराम सीरवी, सघंठन वेलूर प्रभारी हिमताराम सीरवी, चैन्नई ओ.एम.आर रोड़ व रेड इसीआर रोड़ प्रभारी गणपतलाल सानपुरा ,सहित अन्य व्यापारी मोजूद थे ।



## करले बन्दे गौ सेवा छोड़ सकल सब काम इसकी सेवा से खुश होते हैं मुरली वाले श्याम

**सबसे बड़ी पूजा गौ सेवा**

**ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजली टुडे**

खेरागढ़ / बहुत ही महान कार्य राष्ट्रीय बजरंगदल के जिला गौरक्षा प्रमुख रवि परिहार जी एव राष्ट्रीय बजरंगदल मनोज जी भाई साहब की सेना द्वारा एक गाय माता की जगनेर में सरकारी बस स्टैंड के पीछे वर्मा कालोनी जगनेर में बछड़ा देते समय मृत्यु हो जाने पर उसके बच्चे को निप्पल से दूध पिलाकर अपने घर पालन पोषण के लिए ले गये और जब इसकी सूचना नगर पंचायत को सूचना दी तो उन्होंने इस मामले को संज्ञान में नहीं लिया और मना कर दिया मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है तो इसकी फोनकर सूचना एसडीएम खैरागढ़ को दी तो उन्होंने मामले को तुरन्त संज्ञान में लिया और तहशीदार खैरागढ़ का नम्बर देकर बात कर सख्त कार्रवाई कर जेसीबी भेजकर गौ माता का बजरगीयो की सहायता से हिन्दू रिती रिवाज से दाह संस्कार कराया इस मौकै पर लखनवीर परमार लवकुश पचौरी भावेश सिकरवार अरविंद बिंदल आदि बजरंगी मौजूद रहे।

## पिछोर क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में सावण मास के दिन भुजरिया विसर्जन की गई

**राकेश परिहार रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**



पिछोर, क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में सावण मास के दिन भुजरिया विसर्जन की गई जिसमें पंचायत वीरपुर की महिलाओं द्वारा भुजरिया विसर्जन बड़ी ही धूमधाम से निकाली गई जिसमें सभी ग्रामवासी लोग एकत्रित होकर रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को रक्षाबंधन की ढेरों शुभकामनाएं दी और कहा यह त्यौहार हम सभी को बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह से मनाना चाहिए जिससे आगे चलकर जो प्रथाएं बनी हैं वह हर दम कायम रहे और सभी मिलजुल कर रहे और एकता बनी रहे जिससे ऐसे पर्व हमेशा मनाते रहे एक मिल होकर और यही हम लोग आशा करते हैं कि आगे चलकर और अच्छी तरीके से इस पावन रक्षाबंधन को आगे बढ़ाएं और अपनी संस्कृति को बढ़ाएं जिससे सावन मास और भी यादगार लोगों के बीच आगे चलकर और भी प्राचीन परंपराओं को दर्शाया जाए जिसे आगे की पीढ़ी यह रक्षाबंधन पर्व कैसे मनाया जाता है इसकी जानकारी रखें

क्यों मनाई जाती है कजलिया क्या है इससे रोचक कथा जानते हैं 1182 में राजा परमाल की पुत्री चंद्रावली 1400 साथियों के साथ भुजरियों के विसर्जन के लिए कीरत सागर जा रही थी रास्ते में पृथ्वीराज चौहान के सेनापति चामुंडा राय ने आक्रमण कर दिया था पृथ्वीराज चौहान की योजना चंद्रावली का अपहरण कर उसका विवाह अपने बेटे सूरत सिंह से कराने की थी यह वह दौर था जब आल्हा उदल को राज्य से निष्कासित कर दिया था और वह अपने मित्र मलखान के पास कन्नौज में रह रहे थे रक्षाबंधन के दिन जब राजकुमारी चंद्रावली अपनी सहेलियों के साथ भुजरिया विसर्जित करने जा रही थी तभी पृथ्वीराज की सेना ने उन्हें घेर लिया आल्हा ऊदल के ना रहने से महारानी मालहना तलवार ले स्वयं युद्ध में कूद पड़ी थी दोनों सेनाओं के बीच भीषण युद्ध हुआ जिसमें राजकुमार अभई मारा गया और पृथ्वीराज सेना राजकुमारी चंद्रावली को अपने साथ ले जाने लगी अपने राज्य के अस्तित्व व अस्मिता के संकट की खबर सुन साधु वेश में आए वीर आल्हा ऊदल ने अपने मित्र मलखान के साथ डटकर मुकाबला किया चंदेल और चौहान सेनाओं के बीच हुए भीषण युद्ध में कीरत सागर की धरती खून से लाल हो गई युद्ध में दोनों सेनाओं के हजारों योद्धा मारे गए राजकुमारी चंद्रावली व उनकी सहेलियां अपने भाइयों की राखी बांधने की जगह राज्य की सुरक्षा के लिए युद्ध भूमि में अपना जौहर दिखाने लगी थी इसी वजह से भुजरिया विसर्जित भी नहीं हो सका तभी से यहां एक दिन बाद भुजरिया विसर्जित करने व् रक्षाबंधन मनाने की परंपरा है।

**29 अगस्त तक चेम्बर की मांगें नहीं मानीं तो होगा आंदोलन**

# गारबेज शुल्क के विरोध में एमपीसीसीआई ने संभागीय आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



ग्वालियर 24 अगस्त। म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) द्वारा आज गारबेज शुल्क के विरोध में संभागीय आयुक्त-श्री आशीष सक्सैना को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर एमपीसीसीआई अध्यक्ष विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल सहित पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव-डॉ. प्रकाश अग्रवाल, कार्यकारिणी समिति सदस्य-रामनिवास अग्रवाल, संजय कपूर, विश्?वास जैस्वानी, विनोद बिजपुरिया, दीपक जेस्वानी, अंकुर अग्रवाल, मुकुन्द माहेश्?वरी, मनोज सरावगी, किशोर कुकरेजा, संजय धवन, संदीप वैश्?य, सदस्य-महेन्द्र कुमार साहू, दीपक जैन, अजय जेस्वानी, अरूण गुप्ता, अनिल गुप्ता, ओमप्रकाश जाजोरिया, धनेश जैन, रामनिवास माहेश्?वरी, आशीष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

एमपीसीसीआई द्वारा गारबेज शुल्क पर दिये गये ज्ञापन में मांग की गई है कि नगर-निगम, ग्वालियर द्वारा वर्ष 2021-22 के सम्पत्ति कर के साथ शहरवासियों से 'गारबेज शुल्क' वसूल किया जा रहा है, जबकि दिनांक 19 सितम्बर,2020 को ऊर्जा मंत्री-माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जी के सानिध्य में तत्कालीन संभागीय आयुक्त-श्री बी. एम. ओझा के साथ आयोजित बैठक में यह तय हुआ था कि 'गारबेज शुल्क' के अस्तित्व को तय करने के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा और समिति जब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करती है, तब तक गारबेज शुल्क को स्थगित रखा जाएगा । उक्त समिति में एमपीसीसीआई सहित सभी वर्ग के प्रतिनिधियों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा । बावजूद इसके आज दिनांक तक नगर-निगम प्रशासन द्वारा समिति का गठन नहीं किया गया है । साथ ही, बैठक में यह भी तय हुआ था कि समिति द्वारा इस पर जो रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, उसके पश्?चात? ही गारबेज शुल्क के संबंध में निर्णय लिया जाएगा ।

एमपीसीसीआई पदाधिकारियों ने कहा है कि 'गारबेज शुल्क' की वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए और माननीय ऊर्जा मंत्री जी के सानिध्य में आयोजित उपरोक्त बैठक में लिए गए निर्णयानुसार तत्काल समिति का गठन किया जाए और समिति द्वारा जो भी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, उसके पश्?चात? ही गारबेज शुल्क के संबंध में निर्णय लिया जाए । इसके साथ ही, सम्पत्ति कर 6 प्रतिशत छूट केसाथ जमा करने की तिथि को दो माह और बढाया जाए, ताकि शहरवासी अपना सम्पत्ति कर जमा करा सकें एवं गारबेज शुल्क जमा करने के लिए शहरवासियों को बाध्य नहीं किया जाए। एमपीसीसीआई की उपरोक्त मांगों पर 29 अगस्त तक निर्णय लिया जाए अन्यथा की स्थिति में हमें आंदोलन करना पड़ेगा, जिसकी समस्त जबावदारी जिला प्रशासन की होगी।

संभागीय आयुक्त-श्री आशीष सक्सेना ने कहा कि ज्ञापन में जो मांगें की गई हैं, उस पर शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा और शीघ्र ही इसके निराकरण का प्रयास किया जायेगा।

# सांसद एवं कलेक्टर ने सभी से की टीकाकरण को सफल बनाने की अपील

## कोरोना को पूरी तरह से समाप्त करने के लिये शतप्रतिशत टीकाकरण जरूरी

## डबरा एवं भितरवार में क्राइसेस मैनेजमेंट की बैठक आयोजित



**ग्वालियर।** कोरोना संक्रमण को पूरी तरह से समाप्त करने के लिये प्रदेश में 25 एवं 26 अगस्त को टीकाकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में हम सभी को मिलकर अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण केन्द्र तक पहुंचाने की जवाबदारी उठानी होगी। ऐसे सभी लोग जिन्होंने अब तक कोरोना का टीका नहीं लगवाया है वे सभी लोग इस अभियान के तहत अपना टीकाकरण अवश्य कराएँ। इसके साथ ही जिन लोगों को दूसरा टीका लगना है वे लोग भी अपने निकटतम टीकाकरण केन्द्र पर पहुँचकर टीका अवश्य लगवाएं। क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने ब्लॉक स्तरीय क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में यह बात कही। डबरा एवं भितरवार में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डबरा में पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी, भाजपा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत किशोर कान्याल सहित जनपद पंचायत डबरा एवं भितरवार की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जिला पंचायत प्रशासकीय समिति शांति शरण गौतम, एसडीएम डबरा प्रदीप कुमार शर्मा एवं भितरवार एसडीएम अश्विनी रावत और ब्लॉक स्तरीय क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सभी सदस्य उपस्थित हुए।

क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में शत प्रतिशत लोगों के टीकाकरण के लिये महाअभियान चलाया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में समाज के सभी लोगों की भागीदारी से ही हम कोरोना संक्रमण को पूरी तरह से समाप्त करने में सफल हो सकेंगे। यह अभियान केवल सरकार का अभियान नहीं है, यह जन मानस के लिये जन मानस का अभियान है। शहरी क्षेत्र के साथ-साथ हर गांव में शतप्रतिशत लोगों का टीकाकरण जरूरी है। सांसद शेजवलकर ने कहा कि कोरोना महामारी केवल हमारे देश की नहीं बल्कि विश्व भर की समस्या है। इसके निदान के लिये पूरा विश्व लगा हुआ है। कोरोना को पूरी तरह से समाप्त करने के लिये हमें अपने प्रदेश, अपने जिले और अपने हर गाँव को शत प्रतिशत टीकाकरण से कवर करना होगा। पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी ने डबरा में आयोजित बैठक में कहा कि महा टीकाकरण अभियान के तहत सभी लोगों को टीकाकरण केन्द्र तक पहुँचाने की जवाबदारी हम सबकी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार चुनाव में हम सब अपने-अपने मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने के लिये घर - घर संपर्क करते हैं उसी प्रकार टीकाकरण के लिये भी हमें सबसे संपर्क करना होगा। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे बुजुर्ग या ऐसे लोग जो खुद चलकर टीकाकरण केन्द्र तक नहीं आ सकते उन्हें टीकाकरण केन्द्र तक पहुँचाने की जवाबदारी भी हमको उठानी होगी। महाअभियान के तहत डबरा क्षेत्र में सर्वाधिक टीकाकरण हो इसका हम सब मिलकर प्रयास करें। भाजपा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने भी टीकाकरण के लिये सभी से अपील की। उन्होंने कहा कि क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों के साथ-साथ सभी जनप्रतिनिधि भी अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को टीकाकरण केन्द्र तक पहुंचाने के लिये प्रेरित करें। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने डबरा एवं भितरवार में सभी क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों से अपील की कि वे पूरी शिद्दत के साथ टीकाकरण महाअभियान में अपना योगदान दें। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के लिये प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले के सभी केन्द्रों पर प्रातः 7 बजे से टीकाकरण का कार्य प्रारंभ होगा। जिले में एक लाख लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डबरा और भितरवार भी अपने लक्ष्य के अनुरूप टीकाकरण का कार्य करे, इसके लिये सभी का सहयोग अपेक्षित है। कलेक्टर सिंह ने यह भी बताया कि टीकाकरण महाअभियान के पश्चात टीकाकरण कार्य में सक्रिय सहयोग करने वाले हर सदस्य को जिला प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि टीकाकरण के प्रोत्साहन हेतु जिले में 100 लोगों का चयन लॉटरी के माध्यम से कर उन्हें आकर्षक ईनाम दिए जायेंगे।



## प्रभारी मंत्री सिलावट आज ग्वालियर आयेंगे टीकाकरण महाअभियान में होंगे शामिल

**ग्वालियर।** जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट 25 अगस्त को ग्वालियर जिले के प्रवास पर आयेंगे। सिलावट इस दिन प्रातः लगभग पौने आठ बजे रेलमार्ग से ग्वालियर पहुँचेंगे। ग्वालियर प्रवास के दौरन सिलावट कोरोना टीकाकरण महाअभियान में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री सिलावट 25 अगस्त को प्रातः 9.30 बजे जिला चिकित्सालय मुरार पहुंचकर कोरोना टीकाकरण महाअभियान में शामिल होंगे। इसके बाद जेएएच समूह परिसर में स्थित टीकाकरण केन्द्र पर पहुँचेंगे। इसी क्रम में लक्ष्मीगंज प्रसूति गृह परिसर में स्थित टीकाकरण केन्द्र का जायजा लेने भी जायेंगे।

## वन-टू-वन



### टीकाकरण केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं करें पूर्णः निगमायुक्त

**ग्वालियर।** कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 25 एवं 26 अगस्त 2021 को चलाए जा रहे महाअभियान के द्वितीय चरण में सभी सेंन्टरों पर निगम द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करें तथा अभियान में लगे वैक्सीनेशन दल से समन्वय बनाकर संबंधित अधिकारी पेयजल, सफाई आदि की व्यवस्था कराएं। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त आशीष तिवारी ने मंगलवार को महाअभियान की व्यवस्थाओं को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक में दिए। बालभवन में आयोजित बैठक में निगमायुक्त तिवारी ने निर्देश दिए कि किसी भी टीकाकरण केन्द्र पर निगम से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर कोई परेशानी नहीं हो तथा सभी व्यवस्थाएं पूर्ण हों। बैठक में अपर आयुक्त मुकुल गुप्ता, संजय मेहता, राजेश श्रीवास्तव, आर के श्रीवास्तव एवं अपर आयुक्त वित्त देवेन्द्र पालिया सहित सभी क्षेत्राधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### कोरोना टीकाकरण में जनजागरूकता के लिए निगमायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया जागरुकता वाहनों को रवाना

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश को शत प्रतिशत वैक्सीनेशन प्रदेश बनाने एवं मध्यप्रदेश से कोरोना को हराने के लिए 25 एवं 26 अगस्त 2021 को प्रदेश भर में टीकाकरण महाअभियान का दूसरा चरण आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के प्रति आम जनों को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता वाहनों को निगमायुक्त आशीष तिवारी ने बालभवन सिटीसेंटर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनजागरुकता वाहनों को रवाना करते हुए निगमायुक्त तिवारी ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीनेशन ही एकमात्र उपाय है। वैक्सीन हमें और हमारे परिवार को कोरोना से बचाती है। शहर के सभी ऐसे नागरिक जिन्होंने अभी तक टीका नहीं लगवाया है वह 25 एवं 26 अगस्त 2021 को अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र में पहुंचकर कोरोना का प्रथम या द्वितीय टीका अवश्य लगवाएं।

### दो मकानों से लाखों का माल चोरी, कंप्यूटर सेंटर के ताले चटके

**ग्वालियर।** शातिर चोर शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो सूने मकानों के ताले चटका कर नगदी गहने सहित लाखों का माल चोरी कर ले गए। वहीं चोरों ने एक कंप्यूटर सेंटर के ताले चटका दिए और वहां से नगदी तथा कंप्यूटर उठा ले गए। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार पड़ाव थाना क्षेत्र के कुशल नगर निवासी राहुल दीक्षित बैंक कर्मचारी हैं उनकी पत्नी राखी पर मायके गई थी बीते रोज वह ड्यूटी पर गए थे। तभी चोरों ने उनके मकान के ताले चटका दिए और घर से 70 हजार की नकदी व सोने-चांदी के गहने सहित दस लाख का माल चोरी कर ले गए ।वहीं ग्वालियर थाना क्षेत्र के घास मंडी निवासी गायत्री पत्नी रविंद्र राय की सास का निधन बीते रोज शिवपुरी में हो गया था ।परिजन शिवपुरी गए थे तभी चोरों ने उनके मकान के ताले चटका दिए और घर से नकदी गहने समेट ले गए। एक अन्य जानकारी के अनुसार कंपू थाना क्षेत्र के गुड़ा निवासी भरत सिंह की किरार कॉलोनी में कंप्यूटर सेंटर है ।बीती रात चोरों ने उनके कंप्यूटर सेंटर के ताले चटका दी और वहां से ?5000 तथा कंप्यूटर चोरी कर ले गए। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### ग्वालियर स्मार्ट सिटी देगा शिल्पियों को मार्केटिंग के गुर, देश विदेश में बेचे जा सकेंगे ग्वालियर के शिल्प उत्पाद

ग्वालियर। स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के विकास व नागरिकों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश से अनेक परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी के चलते क्षेत्रीय लोगों को रोज़गार व व्यापार की सम्भावनाओं को बढ़ावा देने हेतु भी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा रीजनल आर्ट एंड क्राफ़्ट सेंटर को पुनर्विकसित कर शिल्पियों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान की गई हैं। वहीं दूसरी ओर ड्रीम हैचर इंक्युबेशन सेंटर के माध्यम से उद्यमिता को प्रोत्साहन व सहयोग दिया जा रहा है। आज मंगलवार को रीजनल आर्ट एंड क्राफ़्ट डेवलपमेंट सेंटर में शिल्पियों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में उपलब्ध कराने तथा ऑनलाइन माध्यम जैसे संसाधनों के बेहतर उपयोग करने से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन मोती महल स्थित आरएसीडीसी में आयोजित की गई।



### शोक संदेश

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री अशोक कुमार शर्मा ( म.प्र. पुलिस) का आस्मिक निधन 24/08 / 2021 को हो गया है दिनांक 25/08/ 2021 को उठावनी का कार्यक्रम में सायंकाल 4ः00 बजे हमारे निजी निवास देवनगर गजी वाला मोहल्ला लश्कर ग्वालियर पर रखा गया है

**शोकाकुलः**

कैलाश नारायण शर्मा ( डिप्टी रेंजर वन विभाग )पत्नी शकुंतला शर्मा
**पुत्रगढ़ ः** बंटी पटेल सुनील शर्मा सतीश शर्मा पवन शर्मा संदीप शर्मा टिल्लू बाबा गिर्राज
**नातीगढ़ ः** ओम , रूद्र, दक्ष


















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478